e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 103

रविवार

16.04.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

दुसरो को इतनी जल्दी माफ कर दिया करो, जितनी जल्दी आप ऊपरवाले से अपने लिए माफी की उम्मीद रखते हो।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिनः सोमवार से शनिवार
समयः सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**

| | | |
|---|---|---|
| इफ्तार | (16/04/23) | 06:11 |
| सेहरी | (17/04/23) | 04:02 |

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 36° |
| न्युनतम | 22° |

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने सड़क हादसे पर जताया गहरा दुख

# ब्लैक सैटरडे : भीषण सड़क दुर्घटना, 33 की मौत

## महाराट्र के रायगढ़ में 13, यूपी के शाहजहांपुर में 14 व श्रावस्ती में 6 की मौत

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश में शनिवार को हुए भीषण सड़क हादसे में 33 लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के रायगढ़ में शनिवार को खपोली इलाके में एक बस सड़क से उतरकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि 29 से अधिक घायल हुए हैं। इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ही बस में सवार लोगों के बचाव की कोशिशें शुरू कर दीं। पुलिस के मुताबिक, निजी बस पुणे से मुंबई जा रही थी। मुंबई-पुणे हाईवे पर ही शिंगरोबा मंदिर के पास ही यह नियंत्रण खोकर सड़क से उतरकर 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। बस में 42 के करीब यात्री सवार थे। राहत-बचाव कर्मियों ने सभी घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया। रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घार्गे ने बताया कि हादसे में हताहत हुए लोग मुंबई के सायन एवं गोरेगांव इलाके और पड़ोसी पालघर जिले के विरार के रहने वाले थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस दुर्घटना को लेकर बात की। शाह ने ट्वीट किया कि महाराष्ट्र के रायगढ़ में हुआ सड़क हादसा दुःखद है। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री शिंदे ने घटना पर दुख जताते हुए प्रत्येक मृतक के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।यूपी के शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र में शनिवार को गर्रा नदी के पुल से ट्रैक्टर-ट्रॉली नीचे गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई। 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इनमें पांच की हालत गंभीर बताई गई है। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में भर्ती कराया गया है। हादसे में मरने वाले सभी लोग ददरौल क्षेत्र के सुनौरा गांव के रहने वाले थे। शनिवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर गर्रा नदी से जल लेने जाए थे। इसी दौरान हादसे के शिकार हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर में गर्रा नदी में हुए हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। इधर श्रावस्ती जिले के इकौना थाना के श्रावस्ती एनएच-730 पर शनिवार को भीषण सड़क हादसा हो गया. क्षेत्र के सीताद्वार के पास सवारियों से भरी एक कार पेड़ से टकरा गई. इसमें 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. घायलों में महिला और बच्चे भी शामिल है.श्रावस्ती में सड़क दुर्घटना में इनोवा सवार सवार छह यात्रियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई. वहीं आठ अन्य यात्री घायल हैं. सभी घायलों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया. इनमें पांच लोगों घायलों की हालत नाजुक होने के कारण बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया.राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के रायगढ़ में हुए सड़क हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।राष्ट्रपति ने ट्वीट संदेश में कहा कि महाराष्ट्र के रायगढ़ में हुए बस हादसे में लोगों की मौत बेहद दुखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

**मुख्यमंत्री शिंदे ने घटना पर दुख जताते हुए प्रत्येक मृतक के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।यूपी के शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र में शनिवार को गर्रा नदी के पुल से ट्रैक्टर-ट्रॉली नीचे गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई।**



### एक ही परिवार के चार सदस्यों की मिली लाश

कानपुर देहात : जिले के भोगनीपुर तहसील इलाके के बरौर में शनिवार की दोपहर घर में एक ही परिवार के चार सदस्यों की लाश मिली. परिवार के मुखिया के अलावा पत्नी, बेटा और बेटी के शव भी बिस्तर पर औंधे मुंह पड़े थे. पड़ोसी किसी काम से घर पहुंचे तो उन्होंने शव देखकर शोर मचाया. मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई. मौके पर पुलिस के उच्च अधिकारी पहुंच गए. फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए. गांव के लोगों ने बताया कि शादी होने के बाद इंद्रपाल अपने मां-बाप से अलग होकर गांव में रहता था.

### बिहारः संदिग्ध हालत में 22 लोगों की मौत

**पटना।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में संदिग्ध अवस्था में बारी-बारी से बीते 36 घंटे में 22 लोगों की मौत हो गई। जिले के तीन प्रखंड के विभिन्न गांवों से मौत की सूचना है। हालांकि प्रशासन ने जहरीली शराब से छह लोगों की मौत की पुष्टि की है। जिले के हरसिद्धि, पहाड़पुर व तुरकौलिया में हुई इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। डीआईजी बेतिया ने शराब से छह लोगों के मौत की पुष्टि की है। साथ ही नौ लोगों के बीमार होने की बात कही। हालांकि स्थानीय लोगों ने इन मौतों के लिए जहरीली शराब को जिम्मेदार बताया है।

### वैशाली में दो सगी बहनों की हत्या

**वैशालीः** बिहार के वैशाली के सराय थाना क्षेत्र में दो सगी बहनों की ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है. ऑनर किलिंग की इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. सराय थाना क्षेत्र में माता-पिता ने मिलकर अपनी दो नाबालिग बेटियों की हत्या की है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों सगी बहनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. हालांकि बताया जा रहा है कि पुलिस को देखते ही आरोपी पिता मौके से फरार हो गया. वहीं मां को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. आरोपी मां ने बताया कि उसने खुद से दोनों बहनों की बारी-बारी से मुंह दाबकर हत्या की है.

## क्विक न्यूज

### दिल्ली में तेजी से बढ़ रहा कोरोना

**नई दिल्लीः** दिल्ली में कोरोना के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। पिछले 24 घंटों में कोरोना के 1396 मामले सामने आए है। कोरोना की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए दिल्लीवासियों में डर का माहौल स्थापित हो गया है। वहीं, कोरोना से 5 लोगों ने जान गवाई हैं। दिल्ली में कोरोना की संक्रमण दर भी 31.9 प्रतिशत पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में 4376 टेस्ट हुए है, जिसमें से 1396 सैंपल कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने बुलेटिन में बताया कि 24 घंटों में 1071 मरीज रिकवर हुए हैं।

### बोकारो : मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त, तनाव, प्रशासन अलर्ट

**बोकारो :** जिले के माराफारी थाना क्षेत्र के कसियाटांड़ में शुक्रवार रात दो मंदिरों को असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ किया। मंदिर में शिवलिंग और बजरंगबली की मूर्ति को भी क्षतिग्रस्त किया गया है। शनिवार सुबह जैसे ही लोगों को इस तोड़फोड़ के बारे में पता चला, इलाके में तनाव फैल गया। मूर्ति तोड़ने की खबर संज्ञान में आने के बाद सिटी डीएसपी, मुख्यालय डीएसपी, माराफारी थाना पुलिस सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और डॉग स्क्वाड की मदद से आरोपितों की खोजबीन शुरू कर दी है। पूरे मामले पर डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी चंदन झा खुद नजर बनाए हुए हैं। पुलिस ने घटनास्थल से फिंगर प्रिंट भी एकत्र किये हैं। मामले को लेकर थाना में लिखित शिकायत की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर इस वारदात को अंजाम किसने दिया।घटना के संबंध में सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने बताया कि मूर्ति तोड़े जाने की सूचना मिली है। देर रात असामाजिक तत्वों ने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस डॉग स्क्वाड और फिंगर प्रिंट की मदद से मामले की जांच कर रही है।

### हांगकांग जा रहे सऊदी अरब के विमान की कोलकाता हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग

**कोलकाता** : हांगकांग जा रहे एक मालवाहक विमान की कोलकाता हवाईअड्डे पर आपात लैंडिंग हुई है। शनिवार सुबह सऊदी अरब एयरलाइंस के मालवाहक विमान के फ्लाई होने के बाद कोलकाता से थोड़ा पहले हवाई सफर के दौरान विमान के सामने के शीशे में दरार नजर आई। इसके बाद विमान की जल्द से जल्द लैंडिंग के लिए कोलकाता हवाईअड्डे पर आपात तैयारियां की गई। एटीसी की अनुमति के बाद विमान दोपहर 12 बजे एयरपोर्ट पर सकुशल उतरा। चार क्रू मेंबर्स के साथ सऊदिया का यह मालवाहक विमान शनिवार को जेद्दाह से हांगकांग के लिए रवाना हुआ था। उड़ान भरने के बाद सामने के शीशे (विंडशील्ड) में दरार नजर आई। खबर तुरंत कोलकाता हवाई अड्डे पर भेजी गई। शनिवार सुबह 11 बजकर 37 मिनट पर सऊदी फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग के लिए एयरपोर्ट पर आपात स्थिति घोषित की गई और दोपहर 12ः02 बजे विमान हवाईअड्डे पर सुरक्षित उतरा।

# पीएम के हाथों सम्मानित होंगे गुमला के डीसी सुशांत गौरव



प्रभता मंत्र संवाददाता

**यह पहला मौका है जब झारखंड के किसी जिले को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयन किया गया है**

**गुमला** : हर वर्ष सिविल सर्विस डे पर प्रदान किए जाने वाले अति प्रतिष्ठित पीएम अवार्ड के लिए गुमला जिले का आधिकारिक चयन हुआ है। लोक प्रशासन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री के हाथों मिलने वाला यह अवार्ड गुमला जिले को मिलने की सूचना पर जिले की पूरी टीम एवं यहां के नागरिकों में काफी हर्ष का माहौल है। चयन की आधिकारिक सूचना मिलने पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने बधाई दी है। अवार्ड आगामी 21 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों उपायुक्त सुशांत गौरव ग्रहण करेंगे। यह पहला मौका है जब झारखंड के किसी जिले को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। पिछले एक वर्ष के अपने कार्यकाल में ही उपायुक्त सुशांत गौरव के प्रयासों से कई बेहतरीन कार्यों को गुमला में धरातल पर उतारा गया है। बीते दिनों जिले में हुए कतिपय कार्यों में रागी मिशन को नयी ऊंचाई देना, एनीमिया उन्मूलन, टीबी मुक्त जिला की दिशा में प्रयास, दिव्यांगता पहचान एवं दिव्यांग कल्याण के लिए किये गए कार्य, पुस्तकालय क्रांति, खेल बैंक, शिक्षा क्षेत्र में अवसंरचनात्मक विकास, बांस शिल्पकारों का प्रशिक्षण एवं संवर्धन, टाना भगत समुदाय का बहुआयामी योजनाओं से आच्छादन, जिला से लेकर पंचायतों तक खेलों को बढ़ावा, पंचायतों का डिजिटाइजेशन, महिला स्वयं सहायता समूहों को बहुद्देशीय कार्यों में लगाना, मत्स्य पालन को नए आयाम देना, कृषि क्षेत्र में नवाचारी उपायों को अपनाना कुछ ऐसे उल्लेखनीय कार्य हुए जिसने गुमला की तस्वीर ही बदल गई।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार कायम रहेगी : निर्मला सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली** : अगले दो वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था के 7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। इसका मतलब है कि देश अपने विकास में प्रगति करना जारी रखेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष और विश्व बैंक के 2023 में भारत के सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के अनुमानों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार कायम रहेगी और वित्त वर्ष 2022-23 में इसकी वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने की संभावना है। सीतारमण ने शुक्रवार को यहां आईएमएफ मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक एवं वित्तीय समिति की पूर्ण बैठक में भाग लेते हुए कहा कि संरचनात्मक सुधारों पर सरकार के ध्यान के साथ-साथ एक अनुकूल घरेलू नीति परिवेश ने भारत में घरेलू आर्थिक गतिविधियों को मजबूत बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि आईएमएफ और विश्व बैंक, दोनों ने भारत के 2023 में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था होने का अनुमान लगाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था की गति कायम रहेगी और आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, इसके 2022-23 में सात प्रतिशत की दर से वृद्धि करने का अनुमान है। वित्त मंत्रालय ने कई ट्वीट कर इस बैठक में सीतारमण के संबोधन के बारे में जानकारी दी। इसके मुताबिक, सीतारमण ने महामारी से मिले इस सबक पर रोशनी डाली कि डिजिटलीकरण, खासकर डिजिटल सार्वजनिक ढांच वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक उत्प्रेरक रहा है और भारत के डीपीआई ने किस तरह से पहुंच में क्रांति ला दी है और एक जीवंत उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया है। सीतारमण ने वैश्विक सरकारी कर्ज गोलमेज सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि इसने अन्य कमजोर देशों के लिए बहु-हितधारक सहयोग के साथ रचनात्मक तरीके से आगे बढ़ने का प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही श्रीलंका और सूरीनाम के लिए समाधान प्रदान करने वाली टीम का हिस्सा बनकर भारत खुश है। सीतारमण ने वैश्विक चुनौतियों को कम करने के लिए हितधारकों के साथ मिलकर समाधान तलाशने की प्रतिबद्धता दोहराई। ये चुनौतियां सबसे गरीब और कमजोर देशों को असमान रूप से नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने सभी जी-20 सदस्यों से बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन जारी रखने का आग्रह किया और वैश्विक विखंडन की चुनौती से लड़ने के लिए सकारात्मक संवाद में संलग्नता पर जोर दिया।



**वित्त मंत्रालय ने कई ट्वीट कर इस बैठक में सीतारमण के संबोधन के बारे में जानकारी दी। इसके मुताबिक, सीतारमण ने महामारी से मिले इस सबक पर रोशनी डाली कि डिजिटलीकरण, खासकर डिजिटल सार्वजनिक ढांच वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक उत्प्रेरक रहा है**

# कांस्टेबल पद के अभ्यर्थी अब 13 भारतीय भाषाओं में देंगे लिखित परीक्षा : अमित शाह



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबल पद के लिए अब अभ्यर्थी हिन्दी, अंग्रेजी और 13 अन्य भारतीय भाषाओं में लिखित परीक्षा दे सकेंगे। यह सूचना केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में दी।मंत्रालय ने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की पहल पर सीएपीएफ में स्थानीय युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने के लिए लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि हिन्दी और अंग्रेजी के अतिरिक्त 13 क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा का आयोजन 01 जनवरी, 2024 से होगा। गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के लिए हिन्दी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) परीक्षा आयोजित करने को मंजूरी दी है। सीएपीएफ में कांस्टेबल पद की परीक्षाएं अब हिन्दी एवं अग्रेजी के साथ असमिया, बंगाली, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, ओडिया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी में भी आयोजित की जाएंगी। गृह मंत्रालय का कहना है कि इस निर्णय के परिणामस्वरूप लाखों उम्मीदवार अपनी मातृभाषा/क्षेत्रीय भाषा में परीक्षा में भाग ले सकेंगे। इससे उनके चयन की संभावनाएं बढ़ेंगी। गृह मंत्रालय और कर्मचारी चयन आयोग कई भारतीय भाषाओं में परीक्षा के संचालन की सुविधा के लिए मौजूदा समझौता ज्ञापन से संबंधित एक परिशिष्ट पर हस्ताक्षर करेंगे। गौरतलब है कि कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी), कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रमुख परीक्षाओं में से एक है। इसमें देशभर से लाखों उम्मीदवार भाग लेते हैं। हिन्दी और अंग्रेजी के अतिरिक्त 13 क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा का आयोजन 01 जनवरी, 2024 से होगा। गृह मंत्रालय का कहना है कि इस निर्णय के बाद ये उम्मीद है कि राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारें स्थानीय युवाओं को अपनी मातृभाषा में परीक्षा देने के इस अवसर का उपयोग करने और देश की सेवा में करियर बनाने के लिए बड़ी संख्या में आगे आने के लिए प्रोत्साहित करने को लेकर व्यापक अभियान शुरू करेंगी।

# मैं भ्रष्ट हूं तो दुनिया में कोई ईमानदार नहीं : अरविंद केजरीवाल

एजेंसी



**नई दिल्ली** : आप के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक प्रेस कांफ्रेंस के जरिए पूरे मामले में अपना पक्ष सामने रखा.केजरीवाल ने कहा कि पिछले करीब एक साल से बीजेपी चिल्ला-चिल्ला कर कह रही है कि दिल्ली में शराब घोटाला हो गया. देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसियां अपना सारा काम छोड़कर इसकी जांच में लगी हुई है. उन्होंने कहा यदि वह भ्रष्ट' हैं तो फिर दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है.मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा मैं समझता हूं कि जांच एजेंसियों को अब तक सारा पैसा और सबूत मिल ही गया होगा. ईडी-सीबीआई ने अपनी सारी जांच पूरी करने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर 14 फोन तोड़ कर सबूत नष्ट करने का आरोप लगाया है. केजरीवाल ने ईडी की चार्जशीट सामने रखते हुए कहा कि चार्जशीट में सभी 14 मोबाइल फोन की नंबर लिखा हुआ है. ईडी का कहना है कि ये सभी 14 फोन सिसोदिया के थे और उन्होंने इन 14 फोन को नष्ट कर दिया. यह बात ईडी के दस्तावेज में है. इस दस्तावेज के बाद ईडी के कुछ सीजर मेमो भी अटैच है.

# वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक से भारी मात्रा में पोस्ता भूसी के साथ दो लोगो को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेशानुसार सदर डीएसपी ऋषभ गर्ग और सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में चियांकी चेक पोस्ट के पास से वाहन चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में पोस्ता का भूसी बरामद किया गया है। इस संबंध में सदर डीएसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि दिनांक शुक्रवार को समय करीब चार बजे पुलिस अधीक्षक महोदय पलामू के आदेशानुसार चियांकी चेक पोस्ट के पास एन0एच0-75 मुख्य सडक पर विशेष वाहन चेकिंग चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।तभी सतबरवा की ओर से एक ट्रक-यूपी11सिटी 2769 आ रही थी जिसमें खाली क्रेट लदा हुआ था। पुलिस कि गाडी देखकर चालक गाडी छोड़कर भागने लगा जिसे सशस्त्र बल के द्वारा पकड़ा गया। आवश्यक पूछ ताछ हेतु सदर थाना लाया गया । ट्रक चालक से नाम पुछने पर अपना नाम मो0 फैजान उम्र 45 वर्ष पिता मो0 असलम सा0 रामजानपुरा बेहेट रोड थाना देहात कोतवाली सहारणपुर जिला सहारणपुर (उत्तर प्रदेश) एवं ट्रक पर बैठा दुसरा व्यक्ति ट्रक मालिक अपना नाम शहजाद उम्र करीब 33 वर्ष पिता महमुद सा0 अलीपुरा थाना सरशवा जिला सहारणपुर (उत्तर प्रदेश) बताये। उक्त दोनों व्यक्तियों से ट्रक में लोड समानों के बारे में पूछने पर बताये कि क्रेट के बीच में छिपाकर Poppy Straw (पोस्ता भुसी) लदा हुआ है। श्री ऋषभ गर्ग (भा0पु0से0) अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर के नेतृत्व में उक्त ट्रक को विधिवत तलाशी लिया गया। तो 300 क्रेट के बीच में करीब 700 किलो ग्राम पोस्ता भुस्सी जैसा पदार्थ को विधिवत जप्ती सूची बना कर जब्त किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों ने पुलिस को बताया की उक्त पोस्ता भुसी को वह खुंटी से लोडकर उत्तर प्रदेश मुजफ्फरनगर ले जा रहा था। शहजाद उम्र करीब 33 वर्ष पिता महमुद सा0 अलीपुरा थाना सरशवा जिला सहारणपुर (उत्तर प्रदेश) ने बताया कि जप्त किये गये ट्रक उसके नाम से है। वह पैसे के लालच में आकर तथा अपना गाडी बकाया ईएमआई भरने के लिए पोस्ता भुसी का अवैध व्यापार में संलिप्त हो गया था। उक्त दोनों अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इनके ट्रक से जप्त पोस्ता भुस्सी के संबंध में किसी तरह का कोई कागजात प्रस्तुत नही किया गया। इस दौरान दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# दूसरे दिन भी नक्सली बंदी का हरिहरगंज में दिखा असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी द्वारा आहूत दो दिवसीय बंदी का असर दूसरे दिन भी देखा गया। इस दौरान हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को भी मेडिकल और दवा दुकानों को छोडकर अधिकांश दुकान-प्रतिष्ठान बंद रहे तथा सड़क पर सन्नाटा पसरा रहा। सड़कों पर निजी वाहन, दोपहिया और इक्के -दुक्के वाहनों को छोड़ आम दिनों की तरह सड़क पर मालवाहक और यात्री बसों का परिचालन नहीं हुआ। लंबी दूरी चलने वाली गाडियां बस स्टैंड में ही खड़ी रही। बंदी के कारण आम लोगों, शहर में दैनिक मजदूरी करनेवाले तथा रोजेदारों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं कोई अप्रिय घटना न हो इसे लेकर पुलिस प्रशासन चौकस दिखी। बतातें घलें कि बीते 3 अप्रैल को चतरा जिले के लावालौंग के जंगली इलाके में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच नक्सली मारे गये थे। इसके विरोध में माकपा माओवादी नक्सली संगठन ने मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए 14 व 15 अप्रैल को दो दिवसीय बंदी घोषित किया था।

# रामगढ़ में महुआ शराब को पुलिस ने किया नष्ट



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया।अवैध शराब भठियो को किया नष्ट। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश के आलोक पर रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के हुटार में अवैध शराब निर्माण को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कई अवैध शराब भठियो को ध्वस्त किया गया और वही से जब्त करके जावा महुआ को नष्ट किया गया।रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने बताया कि बढ़ती दुर्घटना को देखते हुए अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शराब विक्रेता पकड़ में नही आए। शारीरिक दूरी का उल्लंघन किया जा रहा था विक्रेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में रंका ने बोड़ी गांव को हराया



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ी गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच का हुवा आयोजन रंका टीम ने बोड़ी टीम को हराया। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बोड़ी पंचायत के मैदान में स्वर्गीय हाजिउमर अली राइट नाइट को कोसको क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें रंका और बोड़ी टीम के बीच में फाइनल मैच हुवा। फाइनल मैच में रंका के टीम ने बोड़ी को 1 रन से पराजित करते विजेता कप पे कब्जा जमाया। विजेता टीम को 10500 रुपए नगद और कप और मैडल के साथ पुरुस्तित किया गया।

# बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया गया बड़े ही धूमधाम के साथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के बम्बा ग्राम स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र के निकट डॉ भीमराव अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने बाबा साहब के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता माणिक राम ने कहा कि बाबा साहेब विश्व विभूति थे। वे किसी जाति व धर्म के नहीं होकर मानव जाति के थे .बाबा साहेब शिक्षक होने के साथ-साथ कानूनविद् व अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने गरीब, दलित एवं पिछड़ों को अधिकार दिलाने का सतत प्रयास किया। उनका जीवन सादगी से भरा था। आज के दिन हम सभी को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए.झामुमो नेता सुदेश्वर राम ने कहा कि हमारे देश में डॉ. भीम राव आंबेडकर को समानता और न्याय का प्रतीक माना जाता है। वे एक महान सामाजिक कार्यकर्ता थे। सभी भारतीयों में समानता लाने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की। उनका कहना था कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है. उन्होंने कहा कि समय आने पर भूखे रहो लेकिन अपने बच्चों को पढ़ाओ. मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी,पूर्व मुखिया मुश्ताक अहमद शेख, सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्ण विश्वकर्मा, राजेश सिंह, क्लब के अध्यक्ष जय प्रकाश राम,सचिव अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार, रामबली, पवन, रविन्द्र कुमार, पवन कुमार, प्रदीप कुमार, रूपेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। मंच संचालन जयराम व रूपेश कुमार ने किया.इधर चितविश्राम गांव में भी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया.इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य बाला रानी, मुखिया सनिधा सोनी, बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किया. साथ ही केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर जिपस बाला रानी ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सभी वर्गों के लिए संविधान में हक़ दिलाने का काम किया है।

# एसपी चंदन सिन्हा और उनकी धर्मपत्नी कंचन सिन्हा ने 60 जवानों के बीच गमछा व सनग्लासेस का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू में बढ़ते तापमान और चिलचिलाती धूप को देखते हुए। इपसेवा जिलाध्यक्ष और पलामू एसपी चंदन सिन्हा की पत्नी कंचन सिन्हा के द्वारा शहर थाना परिसर में ट्रैफिक के 60 पुलिसकर्मियों के बीच सनग्लासेस और गमछे का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस के जवान भीषण गर्मी में भी सड़कों पर खड़े रहकर जिले की व्यवस्था संभालते हैं एवं धूल तथा धुएं के बीच अपने कर्तव्य पर मुस्तैद रहते हैं,इस परिस्थिति में पुलिस परिवार के मुखिया के रूप में हमारा कर्तव्य है कि इस को सहनीय बनाने के लिए हर संभव उपाय किए जाएं। चश्मा और गमछा उन्हें धूप, धूल और धुएं से बचाने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में ट्रैफिक जवानों को चौड़े रिम वाले हैट एवं फ्लोरेसेंट जैकेट भी उपलब्ध करवाए जाएंगे ताकि उन्हें और सुविधा हो सके।आज सतुआनी के पर्व के अवसर पर सभी जवानों के बीच सत्तू के शरबत का भी वितरण किया गया। इस आयोजन में सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग, रुद्रानंद सरस, रेवा शंकर राणा, रापजीत प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# आजनवन विकास समिति के तत्वावधान में मनाई गई डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती



**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के जोगा (जरही टोला) स्थित आजनवन खेल मैदान में आजनवन विकास समिति के तत्वावधान में भारतीय संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132 वी जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी के साथ उंटारी रोड बीडीओ सह सीओ ललित राम ने सर्वप्रथम डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत पुष्पांजलि अर्पित व कैंडल जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व बीडीओ ललित राम, मुखिया कमला देवी द्वारा केक काटकर डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती मनाया गया। मौके पर कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि चंद्रवंशी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी को आत्मसात करने की जरूरत है, उनके बताए हुए मार्गो पर चलने की जरूरत है तभी हम आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने डॉ भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज के सभी लोगों को एकजुट होने, शिक्षित होने व संघर्ष करने पर बल दिया। बीडीओ ललित राम ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर एक राजनीतिक नेता, दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री के विद्वान के साथ साथ एक अच्छे समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज के सभी लोगों को आगे बढ़ने के लिए शिक्षित होने की बात कही। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, युवा समाज सेवी उदेश चौधरी, शिक्षक लाल बिहारी चौधरी, समाजसेवी कृष्णा पाल, मीडिया प्रभारी अजीत चंदवंशी, शंकर राम, व आजनवन विकास समिति के, सदस्य के साथ सेकडों लोग मौजूद थे।

# सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर की प्रथम स्थापना दिवस शांतिपूर्ण हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** सुप्रसिद्ध सूर्य नारायण वन मंदिर प्रतिमा के प्रथम स्थापना दिवस के मौके पर मीडिया ग्रुप केतार के तत्वावधान में शानदार संस्कृतिक चैता महा दुगोला का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केतार बीडीओ मुकेश मछुआ, खरौंधी बीडीओ गणेश महतो, थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि, भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर शुरुआत किया गया। उक्त कार्यक्रम दुगोला महा मुकाबला झारखंड प्रदेश की लोकप्रिय कलाकार दयानंद तिवारी एवं उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय महिला कलाकारा निर्मला यादव के द्वारा 14 अप्रैल शुक्रवार की शाम चैता महा दुगोला का प्रस्तुति कार्यक्रम किया गया। जहां इस क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड एवं गांवो से उक्त कार्यक्रम देखने के लिए काफी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ा। तत्पश्चात रात्रि 10 बजे से दोनों कलाकार बारी बारी से चैता गीत संगीत का प्रस्तुति श्रोताओं के बीच एक से एक बढ़कर करते रहे जहां रात भर श्रोता गन झूमते नजर आए। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के पहाड़ियों से घिरा भूतगढ़वा ढोडे के समीप सैकड़ों वर्ष पहले भगवान सूर्य की मूर्ति निकली थी। जिसकी पूजा अर्चना क्षेत्र के ग्रामीण कर रहे थे।

# डिग्री कॉलेज में स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज सडमा छतरपुर में स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य जितेंद्र कुमार के द्वारा फीता काट कर कर किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट मैनेज सीएससी पलामू नागेंद्र कुमार एवं अरविंद कुमार, और एजुकेशन कंसल्टेंट बिरेन्द्र कुमार सिंह, गुलाब चंद प्रसाद अग्रवाल कालेज के परीक्षा नियंत्रक अमीत कुमार सिंह, प्रो राज किशोर लाल, प्रो राजमोहन, प्रो सूर्य देव . एवं कालेज के सभी कर्मचारी तथा एस आर सी के सीएससी संचालक आकाश कुमार उपस्थित हुए। इस स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर के कालेज कैम्पस में खुलने से कॉलेज के छात्रों को आनलाईन कार्य आसानी से और रियायती दर एवं अन्य डिजिटल सेवा से मिलने वाले लाभ से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बाबा साहब और हेल्पलाइन सेंटर के संचालक के जन्मदिन के मौके पर काटा गया केक





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती छतरपुर के इलाके में धूमधाम से मनाई गई। इसी कड़ी में अरविंद गुप्ता द्वारा लोगों की मदद के लिए स्थापित हेल्पलाइन सेंटर कार्यालय में भी केक काट कर बाबा साहब को याद किया गया। इस मौके पर हेल्पलाइन सेंटर के संचालक अरविंद गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब के विचार और संघर्ष युगों युगों तक मानवता का पथ प्रदर्शन करते रहेंगे। बाबा साहब ने हिंदुस्तान में गरीबों दलितों की जो लड़ाई लड़ी, दबे-कुचले, शोषित-पीड़ित लोगों अपने अधिकार से वंचित महिलाओं के लिए जो किया, हेल्पलाइन सेंटर खोलने का उद्देश्य भी यही है कि ग़रीब मज़लूम लोगों की आवाज बनी जाए उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष किया जाए। इस मौके पर हेल्पलाइन सेंटर के संचालक अरविंद गुप्ता (चुनमन) का भी जन्मदिन केक काटा कर मनाया गया। इस अवसर पर राजीव सिन्हा, सुरेंद्र कुमार, मित्तल सिंह, पंकज गुप्ता, राकेश चन्द्रवँशी, मंजुल गुप्ता, आयुष चन्द्रा, नन्दन गुप्ता, सोनू कुमार, गोलू कुमार अरविंद कुमार, अंकित कुमार, विशाल कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# एनसीपी ने मनाई डॉ.भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में सतगावां स्थित एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह के आवास पर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ0 भीम राव अंबेडकर की 132 वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह, भोला सिंह , हरेंद्र सिंह, मदन सिंह, प्रभु सिंह, सिकंदर कुमार, लखन सिंह , पंकज कुमार सिंह के आलावे शिक्षक सुरेश कुमार सिंह, सेवानिवृत शिक्षक मृत्युंजय सिंह आदि ने पुष्प अर्पित कर डॉ0 भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब संविधान निर्माता के साथ ही महान समाज सुधारक थे। उनका विचार आज भी प्रासांगिक है और हमेशा रहेगा। वहीं विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि बाबा साहब गरीब, किसान, महिला, दलित, शोषित, पीड़ित और वंचितों के आवाज थे। कार्यक्रम को अखिलेश मेहता, अजय कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह आदि वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

# यक्ष्मा इकाई के कार्यो की समीक्षा व यक्ष्मा उन्मूलन को लेकर बीडीओ ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को यक्ष्मा इकाई के कार्यो की समीक्षा व यक्ष्मा उन्मूलन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने सभी पंचायतों के मुखिया व स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने पंचायतवार यक्ष्मा रोगियों के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने यक्ष्मा इकाई के कार्यो की समीक्षा भी किया। बैठक में यक्ष्मा उन्मूलन को लेकर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने कहा कि वर्ष 2025 तक देश को यक्ष्मा मुक्त बनाने का लक्ष्य है.उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत प्रतिनिधि यह सुनिश्चित करें कि यदि उनके गांव में कोई यक्ष्मा से पीड़ित मरीज हैं तो उन्हें गोद लें। उनका समुचित इलाज अनुमंडलीय अस्पताल से किया जायेगा। यक्ष्मा मरीजों की पहचान कर उसकी जानकारी अस्पताल को दें ताकि उस मरीज की जांच कराकर उसे मिलने वाली सुबिधा उपलब्ध कराया जा सके.बैठक में सेवा निवृत्त सिविल सर्जन डॉ एस एस वर्मा, सेवा निवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सिद्धनाथ प्रसाद, उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि विभूति भूषण चौबे, अशोक सेठ, एस टी एस अनुज कुमार पाठक, बिरेन्द्र प्रसाद (गढ़वा), एस टी एस सुनील कुमार, वरीय लैब पर्यवेक्षक अनिमेष राज, सी एच ओ सोनम कुमारी, एकता बम्बेर, वाल, विजय कुमार पाठक, मलेरिया सुपरवाइजर मनोज कुमार पाठक, सहायक विपेश राज तामग,एन सी डी सेल काउंसलर संजय कुमार यादव, सहित सभी ग्राम पंचायतों के मुखिया उपस्थित थे।

# देश की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में, लोकतंत्र भी खतरे में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार पंचायत में भारत सत्याग्रह को लेकर आज दिनांक एक नुक्कड़ सभा कार्यक्रम का आयोजन दंगवार में किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर पाठक ने किया द्य कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश सचिव हुसैनाबाद विधानसभा के स्थानीय युवा नेता धनंजय कुमार तिवारी ने किया द्य मुख्य अतिथि के रूप में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक उपस्थित थे द्य इस भारतसत्याग्रह में लोकतंत्र एवं संविधान को ध्वस्त करने को आतुर केंद्र की मोदी सरकार एवं उनके देश-विरोधी नीतियों एवं अडानी महाघोटाले के विरुद्ध नुक्कड़ सभा में कांग्रेस के लोगो ने जमकर आवाज बुलंद किया। **जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक :** मोदी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि ये लड़ाई मित्रकाल के विरुद्ध लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है देश की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है यही नहीं लोकतंत्र और संविधान भी खतरे में है ऐसे में मोदी सरकार विपक्ष को पूरी तरह से तबाह कर देना चाहती जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है लोगों के बीच आज भी सवाल बना हुआ है कि मोदी जी का अडानी से क्या रिश्ता है एवं 20,000 हजार करोड़ किसके हैं? **बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के दिए हुवे संविधान को हम सबको बचाने के जिम्मेदारी है राहुल जी से मोदी जी डरे हुवे हैं।** : एसबीआई-एलआईसी के जरिए लुटवाने का काम निरंतर कर रहे हैं। साथ ही, महाघोटाले के आरोपी अडानी को बचाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। केंद्र सरकार ने तानाशाही की सीमा लांघ दी है। इस नुक्कड़ सभा में झारखंड प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने मोदी सरकार को कम कर आड़े हाथ लिया और कहा कि देश की स्थिति बहुत ही दयनीय एवम चिंतनीय हो गई है देश में महंगाई अपने चरम सीमा पार कर गया है हर वस्तुओं पर जीएसटी लगाकार केंद्र की मोदी सरकार जनता का कमर तोड़ने का काम कर रही हैं मोदी को प्रधानमंत्री बने 9 साल हो गया लेकिन इतना हिम्मत नही जुटा सके कि देश के ज्वलंत मुद्दों पर देश के सामने जवाब रख सके, यह हिटलर शाही और तानाशाही नही चलेगी।

# ए.के. सिंह कॉलेज जपला में अंबेडकर जयंती के अवसर पर छात्र-सेमिनार का किया गया आयोजन

**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ए0 के0 सिंह कॉलेज जपला में बाबा साहब डॉ. भीमरावअंबेडकर के 132वीं जयंती के अवसर पर एकेडमिक इंचार्ज -सह- आइ0क्यू0ए0सी0 समन्वयक डॉ0 राम सुभग सिंह की अध्यक्षता में छात्र - सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एन0एस0एस0 के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह और डॉ0 आलोक रंजन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। 50 से अधिक छात्र-छात्राएं मौजूद थे। छात्र - सेमिनार में सिर्फ छात्र-छात्राएं ही वक्ता थे। अंबेडकर जयंती पर निम्न छात्र - छात्राओं ने भाषण दिया- शीतल कुमारी, दिव्या कुमारी, आरुषि कुमारी, बंकटेश कुमार, बबलू कुमार, आलोक कुमार, अतुल कुमार, सेजल कुमारी व अन्य। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ0 राम सुभग सिंह ने कहा कि ÷छात्र - छात्राओं ने बहुत अच्छा भाषण दिया। डॉ0 अंबेडकर सिर्फ दलितों के ही नेता नहीं थे, बल्कि सच्चे अर्थों में आधुनिक भारतीय राष्ट्र के निर्माता थे। इन्होंने दलितों, किसानों, मजदूरों और महिलाओं के उत्थान एवं मुक्ति के लिए प्रयास किया। शिक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा था कि शिक्षा, शेरनी का दूध है, जो पियेगा, वह दहाड़ेगा। साथ ही, ब्राह्मणवाद तथा पूंजीवाद भारतीय समाज के लिए भयंकर बुराई है। वेद की तुलना में बुद्ध को प्रासंगिक बताया था। बाबासाहब राजकीय समाजवाद के पक्षधर थे। कार्यक्रम में प्रोफेसर शशि भूषण सिंह और प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**रांची :** पॉक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में दोषी मकरध्वज महतो को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।मामले को लेकर सिल्ली थाना में कांड संख्या 12/2019 दर्ज किया गया था। पूर्व में कोर्ट ने उसे दोषी ठहराया था। मामले के तीन अन्य आरोपित मकर महतो, भगवान महतो और दिनेश चंद्र महतो को अदालत ने आरोप मुक्त कर दिया था। मामले को लेकर युवती ने सिल्ली थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामला में संजय कुमार तिवारी ने दाखिल की डिस्चार्ज पिटीशन

**रांची।** मिड डे मील के खाते से 100 करोड़ रुपये की फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित संजय कुमार तिवारी की ओर से ईडी कोर्ट में शनिवार को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गई है। मामले की सुनवाई सोमवार को होगी। संजय तिवारी भानु कंस्ट्रक्शन का संचालक भी है।उल्लेखनीय है कि संजय तिवारी के आरोप गठन पर सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तिथि निर्धारित है। संजय ने ईडी की विशेष अदालत में तीन अप्रैल को सरेंडर किया था। संजय कुमार तिवारी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कोर्ट में 25 मार्च को सरेंडर करना था, लेकिन उसने आत्मसमर्पण से बचने के लिए कोविड-19 की गलत जानकारी ईडी कोर्ट को दी। इसके बाद से वह फरार हो गया था। उसकी फरारी के बाद ईडी ने संजय की गिरफ्तारी के लिए ईडी कोर्ट से वारंट हासिल किया था। ईडी की टीम ने संजय की गिरफ्तारी के लिए उसके रांची के अरगोड़ा स्थित आवास पर छापेमारी भी की थी।

# अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह के आयोजन में राणा जंग बहादुर हुए सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नौशाद आलम रांची के द्वारा अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अपराध गोष्ठी में ग्रामीण क्षेत्र के सभी पुलिस उपाधीक्षक /पुनि एवं थाना/ओपी, प्रभारी के साथ अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उपस्थित हुए । गोष्ठी के प्रारंभ में सरहुल, रामनवमी को शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया जिसके लिए सभी को धन्यवाद दिया गया, साथ ही आगामी ईद पर्व को देखते हुए ग्रामीण थाना क्षेत्र के सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी/ओपी प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में विधि व्यवस्था संधारण हेतु दिशा निर्देश दिया गया। ग्रामीण थाना क्षेत्र में आए दिन हो रहे जमीन विवाद को लेकर घटना पर अंकुश लगाने एवं जमीन विवाद के मामलों का निष्पादन में आ रही समस्याओं पर चर्चा हेतु अधोहस्ताक्षरी के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची को बैठक में आमंत्रित किया गया था ताकि इससे निजात पाया जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची के



द्वारा जमीन विवाद से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर दप्रस की धारा 441,107 एवं 144 के संबंध में सभी को निर्देशित किए तथा बारी-बारी से सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी के द्वारा उठाए गए जमीन विवाद एवं नोटिस तमिला के संबंध में पूछे गए सवालों का अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची के द्वारा सभी को बारी बारी से हर बिंदुओं के संबंध में दिशा निर्देश दिए।विगत माह में दिए गए निर्देशों की समीक्षा बारी- बारी सभी थाना प्रभारी से की गई।

### आगामी माह के लिए अपराध नियंत्रण का लिए दिए निर्देशः

पिछले दो वर्षों में जेल से छूटे अपराधकर्मियों का सत्यापन, संपत्तिमूलक कांडों के उद्भेदन, जुआ/ शराब के अड्डेबाजी पर छापामारी, क्षेत्र में पैसों के आवागमन मे थाना स्तर से बल को प्रतिनियुक्त करना/ संवेदनशील चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित कराना/ सी.सी.टी.एन.एस-आइआइएफ2 फार्म को समय पर अपलोड करने, अनुसंधान नियंत्रण में यूडी कांडों की समीक्षा करते हुए उसके निष्पादन की दिशा में आवश्यक करवाई करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। गोष्ठी के उपरांत वैसे पुलिस पदाधिकारी जिन्होंने मार्च माह में विशेष कांडों के उद्भेदन में महत्वपूर्ण निभाने वाले निम्नांकित पुलिस पदाधिकारी/पुलिसकर्मी, मुमल राजपुरोहित, सहायक पुलिस अधीक्षक मुख्यालय प्रथम राँची, पुनि सुनील कुमार तिवारी थाना प्रभारी नामकुम, अनिमेष नैथानी पुलिस उपाधीक्षक खलारी, पुअनि कृष्ण कुमार थाना प्रभारी ठाकुरगांव, पुनि महेंद्र कुमार करमाली थाना प्रभारी टाटीसिलवे, पुअनि ब्रजेश कुमार थाना प्रभारी अनगड़ा, पुनि फरीद आलम थाना प्रभारी खलारी, पुअनि राणा जंग बहादुर सिंह थाना प्रभारी मैक्लुस्कीगंज को प्रशस्ति पत्र के साथ डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया।

# रमजान का रोजा और हमारी सेहत

रमजान का रोजा सभी सेहतमंद मुसलमानों की एक धार्मिक जिम्मेदारी है। यह हर मौसम में आता है और रोजेदार के जीवन काल में हर मौसम में रोजा रखने का अवसर मिलता है। यह फास्टिंग टाइम 11-18 घंटे का हो सकता है। इस्लामिक कैलेंडर साल में 354 दिन जबकि अंग्रेजी कैलेंडर साल में 365 दिन का होता है, इस कारण हर साल रमजान 10 से 11 दिन पहले आता है। रोजा रखने से शरीर पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसके कुछ मेडिकल लाभ ये है।



**डॉ नसीम अख्तर**
**मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी, हॉस्पिटल, रांची**

1. मोटापा कम होना, शरीर के वजन को कम करके कुछ बीमारियों से बचा जा सकता है।

2, हेल्दी हार्ट का अनुभव होना। रोजा से शरीर में कोलेस्ट्रॉल और ट्राईग्लिसराइड की मात्रा कम होती है जिस हमारे शरीर में खून का बहाव ठीक और संतुलित करें हाई ब्लड प्रेशर और उससे उत्पन्न बीमारियों से बच सकते हैं।

3. मस्तिष्क पर अच्छा प्रभाव का होना और न्यूरो डिजेनेरेटिभ बीमारी से बचा जा सकता है।

4. ब्लड शुगर का अच्छा कंट्रोल रहना। लेकिन मुधूमेह और लिवर के बीमारी वाले मरीजों को चिकित्सा प्रमार्श से दवा का सेवन और डोज को समझना जरुरी है और संपर्क में रहना जरूरी हैं।

5. रोजा रखने से हम कई तरह के कैंसर से भी सुरक्षित रहते हैं जब हम 10-16 घंटे का रोजा या फास्टिंग करते हैं तो हमारे शरीर के अंदर एक प्रोसेस होता है, जिसे हम Autophagy कहते हैं। रोजे की भूख की हालत में शरीर का हैल्थी सेल्स अपने ही शरीर के पुराने और डेड सेल्स को खा जाते है और इस तरह से शरीर में abnormal cells या प्रिकैसंरेस सेल्स को कम करके हमें कैंसर होने से सुरक्षित रखती है। इस Autophagy process पर जापान के सेल्स बायोलॉजिस्ट prof yashinori hosumi को 2016 में मेडिसिन का नुबुल प्राइज दिया गया था। उन्होंने फास्टिंग पर सोचा और ध्यान लगाया।

# नामजन चारला की हत्या, अमृत गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** लापुंग थाना में सिलाबिना सुरीन द्वारा थाना में दिये अपने आवेदन में उल्लेख किया था कि लापुंग थाना दक्षेत्रान्तर्गत ग्राम सारगलोया पडटोली निवासी इनके भाई नामजन चारला की हत्या उनके ही गाँव के निवासी अमृत होरी द्वारा अपनी पत्नी के साथ नाजायज सम्बन्ध होने के शक में कर दिया गया है। उक्त कांड में सलिप्त अपराधकर्मी की गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राँची के निर्देशन में थाना प्रभारी लाग के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक नामजन बारली की हत्या में शामिल अपराधकमी अमृत होरो गिरफ्तार किया गया तथा उनके निशानदेही के आधार पर हत्या करने में प्रयुक्त दांगी तथा हत्या के समय अपराधकमी द्वारा पहना हुआ खून लगा टी-शर्ट बरामद किया गया। कांड में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

**बरामद सामान का विवरण:** घटना में प्रयुक्त टांगी, हत्या के समय अपराधकर्मी द्वारा पहना हुआ खून लगा टी-शर्ट।

**छापामारी दल में शामिल:** पुअनि सुकुमार हेम्ब्रम, थाना प्रभारी , पुनि अनुभव सिन्हा, लापुर थाना, आ/3426 मुरारी कुमार, लापन थाना शामिल थे।

# रांची : सड़क निर्माण के कारण पानी पाइप क्षतिग्रस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** नामकुम थाना अंतर्गत कांटा टोली टाटा मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण का कार्यक्रम बड़ी तेजी के साथ चल रही है। इसी क्रम में लोवाडीह चौक और पुल के नजदीक कुछ ही दूरी पर सड़क चौड़ीकरण के कार्य के दौरान सप्लाई पानी का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया है, जिस कारण से हजारों गैलन पानी बर्बाद हो रहा है । खबर लिखे जाने तक पानी बड़ी तेजी के साथ बह रहा है और इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है।

यदि कुछ घंटों में छतिग्रस्त सप्लाई पाईप की मरम्मत नहीं होती है , तो इस पास के निर्माण कार्य गड्ढों में



जल जमाव हो जाएगा। पूरे गड्ढे में पानी भर जाएगा और काम भी बाधित होगा। बता दें कि गर्मी की तपिश काफी बढ़ गई है , कई गली मोहल्ले में नल में सप्लाई पानी नहीं मिलने से लोग भरी धूप में पेयजल के लिए इधर उधर भागदौड़ कर रहे हैं। एक ओर जहां लोगों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ पेय जल का पाइप छतिग्रस्त होने के कारण से पानी का बर्बादी भी देखने को मिल रहा है।

### हत्याकांड का खुलासा,मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लांपुग थाना पुलिस ने नामजन बारला हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपित अमृत होरो को गिरफ्तार किया है। आरोपित के निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त टांगी और हत्या के वक्त पहना हुआ कपड़ा बरामद किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गत 14 अप्रैल को ईटकी थाना निवासी सिलाबिना सुरीन ने लापुंग थाने में लिखित आवदेन दिया था कि उसके भाई की हत्या टांगी से मारकर कर दी गयी है। साथ ही बताया गया था कि उसी हत्या गांव के ही अमृत होरो ने की है।

# एसके मिश्रा बने डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के नए प्राचार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,राँची के प्राचार्य का पदभार एम के सिन्हा,सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-बी ने एस के मिश्रा को सौपा।इस अवसर पर एस एल गुप्ता,आजीवन सदस्य डीएवी कॉलेज प्रबन्धन समिति,नई दिल्ली एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ए के अमरेश उपस्थित थे। एस एल गुप्ता एवं श्री एम के सिन्हा ने नवनियुक्त प्राचार्य एस के मिश्रा को पुष्प गुच्छ



देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया एवं मंत्रोच्चार के साथ मिश्रा को प्राचार्य की कुर्सी पर बैठाया एवं डीएवी हेहल,राँची के प्राचार्य का पदभार सौपा। मिश्रा ने एम के सिन्हा एवं एस एल गुप्ता का आशीर्वाद लिया और कहा कि मैं डीएवी के झण्डा को हमेशा ऊँचा रखूँगा एवं विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहूँगा।मिश्रा ने पद्मश्री से सम्मानित,आर्यरत्न डॉ पूनम सूरी ,प्रधान डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति,नई दिल्ली एवं निदेशक(पी एस-1) डॉ जे पी सूर जी का भी आभार व्यक्त किया। प्रेम प्रकाश आर्य,वाइस चेयरमैन(एल एम सी)डीएवी हेहल,राँची, वी. के. पाण्डेय,प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातु,राँची, एस के सिन्हा, प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल, गाँधीनगर, राँची, किरण यादव,प्राचार्य नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल, कांके, राँची एवं सभी एल एम सी के सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# होटल संचालकों के साथ डेली मार्केट थाना प्रभारी ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ईद को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। इसी के तहत डेली मार्केट के थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने अपने थाना क्षेत्र में संचालित सभी होटलों के संचालकों के साथ बैठक की। सभी को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि नियम के दायरे में रहकर होटल में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा अविलंब लगाए, जहां लगा हुआ है उसकी मरम्मती करवा लें, होटल में ठहरने वाले लोगों की पहचान के तौर पर पहचान पत्र,



आधार कार्ड,पैन की छाया प्रति के साथ सम्बंधित व्यक्ति का ब्यौरा अवश्य रखें और ठहराने वाले कि पूरी विवरणी थाना में भी दिया जाए, बिना पहचान के किसी भी व्यक्ति को अपने होटल में ठहरने न दें। कोई भी संदिग्ध व्यक्ति को होटल में कमरा न दें। अगर होटल में ठहरने वाला कोई व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध लगता हो या किसी प्रकार का कोई दिक्कत महसूस होती है तो ततकाल पुलिस को सूचित करे। आगे बताया कि पहले भी रांची, धनबाद सहित कई जिलों के होटलों में आग लगने की घटना हो चुकी है, इसलिये आग से निपटने के लिए भी समुचित व्यवस्था होटल में होनी चाहिए। मौके पर होटल संचालकों में मुख्य रूप से नरेश, सोहैल, अमित पांडेय, रंजीत प्रसादमनोज साहू, निर्मल कुमार भारद्वाज, राहुल गुप्ता, सहित कई होटल संचालक बैठक में शामिल थे।

# सांसद ने नशाखोरी की बढ़ती समस्या को लेकर मुख्य सचिव को लिखा पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ ने नशाखोरी की बढ़ती समस्या और इसकी चपेट में आते विद्यार्थियों युवाओं के भविष्य को लेकर झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। इस पत्र में सांसद ने टीम बनाकर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने, परिवारों के साथ मिलकर नशाखोरी की चपेट में बच्चों की काउंसलिंग करने की भी बात मुख्य सचिव को कही है।

पत्र में सांसद ने कहा है कि रांची में नशाखोरी की समस्या गंभीर हो चुकी है। रांची के विद्यार्थी और युवा इसकी चपेट में हैं। नशाखोरी के चपेट में आती झारखंड की राजधानी रांची के युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है। बड़ी संख्या में युवा ड्रग्स, अफीम जैसे मादक द्रव्यों का सेवन कर रहे हैं। नशाखोरी से जुड़े इन सामानों का व्यवसाय करने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। ऐसी सामग्री का व्यवसाय कर एक तरफ लोग अवैध कमाई कर रहे हैं तो दूसरी तरफ हमारे युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। अपराध भी बढ़ रहा है। सांसद ने कहा है कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि आठवीं से 12वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी बुरी तरह से इसकी चपेट में आ रहे हैं। कई शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नशे से जुड़े सामानों की बिक्री हो रही है। विद्यार्थी इसका सेवन कर रहे हैं और ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। यह समस्या रांची में विकराल रूप धारण कर चुकी है।

### कोरोना के मिले 26 नए मरीज

**रांची।** राज्य में कोरोना के 26 नए मरीज मिले हैं। इसमें सबसे ज्यादा रांची से 13 मरीज मिले है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शनिवार को बताया गया है कि अब राज्य में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 151 हो गई है। 16 जिले में कोरोना का एक भी मरीज नहीं मिला है। राज्य में सबसे ज्यादा राजधानी रांची में 50 एक्टिव मरीज है। जबकि सात मरीज ठीक भी हुए हैं।



# दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में रांची की टीम ओवर ऑल चैंपियन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में शनिवार को दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में रांची जिला बल 70 अंक के साथ पहले स्थान पर रहा। दूसरे स्थान पर सिमडेगा, तीसरे स्थान पर लोहरदगा, चौथे स्थान पर गुमला और पांचवें स्थान पर खूंटी जिला बल रहा। रांची जिला बल फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, कबड्डी पुरुष, कबड्डी महिला, हैंडबाल और वालीबॉल में पहले स्थान पर रहा।



रांची जिले की टीम को ओवर ऑल चैंपियन का ट्रॉफी दिया गया।

इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में रांची के कृष्णा उरांव पहले स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में गुमला के संदीप उरांव पहले स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में सिमडेगा के संतोष प्रधान,1500 मीटर दौड़ में सिमडेगा के संतोष प्रधान, 5000 मीटर दौड़ में खूंटी के उपेन्द्र कुमार प्रधान पहले स्थान और 10000 मीटर पैदल चाल में लोहरदगा के धमेंद्र महतो, खूंटी के करण भगत लंबी कूद , हाई जंप और ट्रिपल ऊंची कूद में पहले स्थान पर रहे। वहीं दूसरी ओर महिला 200 मीटर दौड़ में खूंटी जिले की फूलमणी बोदर प्रथम स्थान पर रही। 400 और 800 मीटर दौड़ में रांची जिले की पिंकी लकड़ा पहले स्थान पर रही। 10000 मीटर पैदल चाल में लोहरदगा जिले की बालमणि कुमारी प्रथम स्थान पर रही। लंबी कूद में गुमला जिले की लिल्ली रश्मि जोजो, ट्रिपल जंप में रांची जिले की रिंकी कुमारी, हाई जंप में गुमला जिले की आशा कुमारी पहले स्थान पर रही।

# भाजपा ने सचिवालय घेराव कार्यक्रम पर पुलिस कार्रवाई की न्यायिक जांच की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रदेश भाजपा ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सचिवालय घेराव कार्यक्रम पर पुलिस कार्रवाई की न्यायिक जांच कराने का आग्रह किया है। इस संबंध में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा और बालमुकुंद सहाय शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि 11 अप्रैल को रांची में पार्टी की ओर से सचिवालय घेराव कार्यक्रम को बाधित करने का काम राज्य सरकार ने किया। बावजूद इसके प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम पूरी तरह से लोकतांत्रिक रहा। लोकतंत्र में सत्ता की विफलताओं-नाकामियों को उजागर करना विपक्ष का धर्म है। इसका पालन लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा ने किया है। कार्यक्रम में शामिल हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनता ने धैर्य एवं संयम का परिचय दिया। कहीं भी कोई तोड़-



फोड़, हिंसा नहीं की। ऐसे में पुलिस धौंस, फर्जी मुकदमों, संगीन अपराध की कानूनी धाराओं के आधार पर हेमंत सरकार अपने कुकृत्यों पर पर्दा डालना चाहती है। नेताओं ने आग्रह कहा कि 11 अप्रैल को भाजपा की ओर से आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुई पुलिस कार्रवाई, लाठीचार्ज, नेताओं, कार्यकर्ताओं पर हुए फर्जी मुकदमों की न्यायिक जांच कराई जाये। दोषियों पर सख्त कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाए। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से कहा कि प्रदेश भाजपा लगातार हेमंत सरकार की विफलताओं, नाकामियों को उजागर करती रही है। पार्टी ने राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता की भावनाओं के अनुरूप हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों, वादा खिलाफी को सड़क से सदन तक लगातार उजागर किया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के द्वारा राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के गंभीर मामले आए दिन उजागर हो रहे हैं।

# आर्मी लैंड स्कैम मामले में सात आरोपितों से चार दिनों तक पूछताछ करेगी ईडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाले मामले में सीआई सहित सात लोगों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) चार दिनों तक पूछताछ करेगी। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने इसकी इजाजत दे दी है। ईडी की ओर से अधिवक्ता शिवकुमार काका ने आरोपितों से पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड का आग्रह कोर्ट से किया था। लेकिन अदालत ने चार दिनों का रिमांड दिया। गत शुक्रवार को ईडी ने सेना भूमि घोटाले के सात आरोपितों को कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद आरोपित प्रदीप बागची, बड़गाई अंचल के सीआई भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, इम्तियाज




अहमद, तलहा खान, फैयाज खान और सद्दाम हुसैन को बिरसा मुंडा कारागार भेज दिया गया था।

## पॉइला बैसाख पर ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने किया हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल जमशेदपुर द्वारा 15 अप्रैल को पॉइला बैसाख के अवसर पर शिवगंगा हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी ,सोनारी में एक निशुल्क हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ शुभाशीष डे ने करीब 75 से ज्यादा लोगों का जांच किया। शिविर में निशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन ,बीएमआई ,ईसीजी एवं मैमोग्राफी की जांच की गई ।डॉ शुभाशीष डे ने लोगों को जांच करने के क्रम में जीवनशैली बदलने के लिए सुझाव दिए।

## हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ कुचाई के कुंजाडीह में 20 से

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंजाडीह जामडीह दुरुसाई में श्री श्री राधा गोविंद हरि संकीर्तन समिति के द्वारा 16 प्रहार राधा गोविंद अखंड जुगल हरि नाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया गया है। हरि नाम संकीर्तन का शुभारंभ 19 अप्रैल बुधवार शाम को गंधा दिवस एवं 20 अप्रैल गुरुवार को कलश यात्रा नाम शुभारंभ वही 22 अप्रैल दिन शनिवार को कुंज विसर्जन एवं धुलट के साथ भंडारा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आमंत्रित कीर्तन मंडली - हाराधन गोस्वामी जीलीगलोहर (पश्चिम बंगाल), भरत दास गोस्वामी लांदुपडीह (रांची), रासबिहारी पांडे आरा हारा झालदा (पुरुलिया), वीरेन दास गोस्वामी पाथरडीह (झारखंड), बोकीम ठाकुर चकिया बालिया (पश्चिम बंगाल), अभिमन्यु प्रधान कीर्तन समिति (जामडीह) आदि कीर्तन मंडली उपस्थित होकर अखंड हरिनाम महायज्ञ में योगदान देंगे।

## कांड्रा के ठाकुर ज्वेलर्स में शटर तोड़ चोरों ने किया चोरी का प्रयास



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीते शुक्रवार की रात चोरों ने कांड्रा बाज़ार स्थित ठाकुर ज्वैलर्स में चोरी करने का प्रयास किया है। हालांकि वे वहां चोरी करने में असफल रहे। दुकान के मालिक राजू ठाकुर ने बताया कि शटर तोड़ अंदर घुसे थे लेकिन चोरों ने दरवाजा को भी तोड़ने का प्रयास किया लेकिन वह प्रयास में सफल नहीं हो पाए। इस कारण दुकान में रखा सारा आभूषण बच गया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी चोरों द्वारा दूकान में तीन बार चोरी करने की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही कांड्रा थाना के एएसआई गुरुवा मुंडा घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी लिया। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जिसमे तीन की संख्या में चोरों के होने की बात सामने आई है। सभी अपनी पहचान छुपाने के लिए मुँह में कपड़ा बाँध रखा है। पुलिस सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है।

## जिला स्तरीय खो-खो रैफरी, कोच व ऑफिशियल के लिए प्रशिक्षण शिविर आज

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य खो-खो संघ के राज्य खेल कैलेंडर 2023- 24 के अनुसार, 16 अप्रैल को पूरे झारखंड राज्य के सभी जिला खो-खो संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय खो-खो रैफरी/ कोच एवं ऑफिशियल हेतु प्रशिक्षण शिविर, व्यवहारिक ( प्रायोगिक) एवं लिखित परीक्षा 2023 का आयोजन किया जाएगा। सरायकेला- खरसावां जिला खो-खो संघ की ओर से इस शिविर का आयोजन गम्हरिया के टाटा कॉम्प्लेक्स कॉलोनी स्थित अरुणोदय क्लब प्रांगण में प्रातः दस बजे से दोपहर तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिला सचिव अखिलेश्वर प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि इस उम्मीदवारों को सभी प्रमाण पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति एवं तीन पासपोर्ट साइज फोटो भी उपलब्ध कराना होगा।

## आंगनबाड़ी व कस्तूरबा विद्यालय में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटमदा और पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आंगनबाड़ी केंद्र राखडीह व कुमीर एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बांगुड़दा में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी और विद्यालय के बच्चों को शौचालय की उपयोगिता और हाथों की सफाई के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों के बीच पेंटिंग, संवाद, निबंध और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता करायी गयी और उन्हे पुरस्कृत किया गया। सीडीपीओ नीतू कुमारी ने बताया कि स्वच्छ्ता पखवाड़ा एक जागरूकता अभियान है जिसमें समाज को स्वच्छता से जोड़कर स्वास्थ्य जीवन की ओर ले जाना है। मौके प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ क्रिस्टोफर बेसरा, डॉ सोमेन दत्त, सीडीपीओ नीतू कुमारी, बीएएम सुगदा मुर्मू, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका सुमन कोरिया, बीटीटी सरोज कुमार मंडल, भास्कर माहली, इंदिरा महतो, माधुरी कुंभकार, सारथी महतो व झुरू महतो आदि कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन किया जाए

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव (ट्रेड एंड कॉमर्स )अनिल मोदी ने बढ़ती गर्मी के प्रकोप को देखते हुए निजी एवं सरकारी स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहर का तापमान अभी 41 डिग्री पार कर रहा है।मौसम के पूर्वानुमान के हिसाब से इस हफ्ते से तापमान में वृद्धि की संभावना है। पहले ही गर्मी के कारण बच्चो के बीमार पड़ने की खबरे अखबारों में छप रही है। गर्मी बढ़ने से नॉनिहालो की सेहत पर ओर विपरीत असर पड़ेगा। उन्होंने कहा बच्चो के भविष्य निर्माण हेतु पढ़ाई बेहद जरूरी है परंतु पढ़ाई के साथ साथ उनके स्वास्थ्य के देखभाल भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इतनी गर्मी के कारण बच्चे पस्त हो रहे है इससे उनका शारीरिक एवं बौद्धिक विकास भी अवरुद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चो के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास हेतु आवश्यक है कि बच्चो के स्कूलों के समय में परिवर्तन किया जाए। ताकि बच्चे सुबह जल्दी स्कूल जा कर जल्दी वापिस आ जाये और उन्हें कड़ी धूप का प्रकोप कम झेलना पड़े।

### मुसाबनी प्रखंड में आयोजित हुआ प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक, वरीय व विभागीय पदाधिकारी रहे मौजूद

**दक्षिण ईचड़ा पंचायत के मुखिया को शो-कॉज, अधिकारियों ने कहा**

# विकास कार्यों को धरातल पर उतारें या पैसा वापस करें



**मनरेगा के सभी पुरानी योजनाओं को अप्रैल तक बंद करें**

मनरेगा योजना की समीक्षा में पाया गया कि आधार सिडिंग में 99 प्रतिशत उपलब्धि है। कुईलीसुता पंचायत में 45 इनएक्टिव लाभुक पाये गए । जॉब कार्ड, केवाईसी नहीं होना समेत अन्य बिंदुओं पर पंचायतवार गहन समीक्षा की गई। मनरेगा की सभी पुरानी योजनाओं को माह अप्रैल में अनिवार्य रूप से बंद कराने का निर्देश दिया गया। उत्तरी ईचड़ा पंचायत में मनरेगा योजना में कार्य नहीं होने पर पंचायत सचिव एवं मुखिया से जबाव मांगा गया। कृषि पदाधिकारी ने पंपसेट वितरण के लिए प्रखंड के योग्य लाभुकों से आवेदन की मांग की। उन्होने बताया कि 80 फीसदी सब्सिडी पर पंपसेट सरकार द्वारा दिया जा रहा है, योग्य लाभुक जल्द से जल्द आवेदन प्रखंड कार्यालय में जमा करायें।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मुसाबनी प्रखंड सभागार में उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ. रजनीकांत मिश्रा, जिला कृषि पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ तथा जिला स्तर व प्रखंड के अन्य विभागीय पदाधिकारी शामिल हुए । बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं में अधतन प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ मुख्य रूप से गर्मी के मौसम को देखते हुए खराब पड़े चापाकल व जलमीनार की मरम्मती पर विशेष बल दिया गया । वैसे सभी ग्राम पंचायत जहां चापाकल या जलमीनार खराब पड़े हैं उनकी सूची तत्काल प्रखंड कार्यालय में जमा कराने का निदेश दिया गया । 15 वें वित्त की राशि कम खर्च करने पर दक्षिणी ईचड़ा पंचायत के मुखिया को शो कॉज किया गया। अधिकारियों द्वारा पंचायत में क्रियान्वित कुल 106 योजना के बारे में पूछा गया तो मुखिया ने बताने में असमर्थता जताई। सभी योजना के बारे में पता कर तीन दिनों के अन्दर अद्यतन सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया अन्यथा पैसा वापस करने का निर्देश दिया गया। दक्षिण ईचड़ा पंचायत में 15 वें वित्त आयोग में कुल 106 योजना में से 44 योजना में कार्य चल रहा है।

## बांग्ला भाषा पुनुरुत्थान समिति की ओर से नववर्ष का किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बांग्ला भाषा पुनुरुत्थान समिति पटमदा-बोड़ाम की ओर से शनिवार को माचा स्थित टैगोर सोसाइटी के सभा कक्ष में एक समारोह आयोजित करते हुए बांग्ला नववर्ष का स्वागत किया गया। इस दौरान उपस्थित देश के महापुरुषों, बांग्ला भाषा के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कवि एवं साहित्यकारों की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने कहा कि बांग्ला मधुर भाषा है और इस क्षेत्र के अधिकांश लोग बोलचाल के रूप में बांग्ला का ही प्रयोग करते हैं। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने कहा कि पश्चिम बंगाल से सटे होने के कारण इस क्षेत्र की भाषा, संस्कृति व सामाजिक रूप से लोग बंगाल के साथ जुड़े हुए हैं। समारोह को समाजसेवी सुनील वरण महतो, आदित्य महतो, मृत्युंजय महतो, शरत सिंह सरदार, मदन मोहन महतो, अजीत दत्त, भागवत मुखर्जी, अनंत कुंडू, विजय कुमार मंडल, नंदलाल बॉक्सी, कालीपद सांतरा, भीष्मनाथ महतो, मृत्युंजय महतो व गिरिजा प्रसाद मिश्रा ने भी संबोधित किया।

### मखदुमपुर में माहौल बिगाड़ने की कोशिश

## नारेबाजी कर रहे दो युवकों को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बीते दिनों कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर में सांप्रदायिक बवाल से शहर अभी उभर ही रहा है तो दूसरी ओर शहर का माहौल खराब करने में कुछ लोग लगे हुए है। इस बीच अब परसुडीह थाना के मखदूमपुर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को संभाल लिया। इस बीच नारेबाजी कर रहे दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इलाके के लोगों ने पकड़कर इन दोनों को पुलिस को सौंपा है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार आधी रात के करीब बाइक पर दो युवक आए और नारेबाजी करते हुए निकल गए। इसकी जानकारी मिलने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस दोनों युवकों की पहचान के लिए सीसीटीवी खंगाल रही थी। तभी रात के लगभग 1:30 बजे फिर बाइक सवार बदमाश पहुंचे और नारेबाजी करने लगे। इस बार लोगों

## जमशेदपुर अंडर-13 ने जेएसडब्ल्यू यूथ कप में राउंडग्लास पंजाब को 1-0 से हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कर्नाटक के बेल्लारी में जेएसडब्ल्यू विद्यानगर फुटबॉल ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में मनोरंजन चंपिया के एकमात्र गोल की बदौलत यूथ कप में जमशेदपुर एफसी ने राउंडग्लास पंजाब अंडर13 के खिलाफ शानदार जीत हासिल की. स्टील के खिलाड़ी एक मजबूत राउंडग्लास टीम के खिलाफ मैदान पर उतरे, जिसकी अंडर15 टीम ने कल ही जमशेदपुर के खिलाफ अंडर15 वर्ग में जीत हासिल की थी. लेकिन चंपिया और सह ने डिफेंस को जल्दी तोड़ने और खेल पर नियंत्रण करने में कामयाबी हासिल की. जमशेदपुर अंडर15 की टीम कल 16 अप्रैल को जेएसडब्ल्यू यूथ कप में जीत की राह पर लौटने के लिए उत्सुक होंगे, जहां उनका सामना जेएसडब्ल्यू विद्यानगर फुटबॉल ग्राउंड में शाम 4 बजे से बेंगलुरु एफसी से होगा.

## उपायुक्त का चाटीकोचा गांव दौरा रद्द, 18 को आएंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** यूसील की चाटी कोचा विवाद को सुलझाने को लेकर उपायुक्त विजया जाघव का आज का चाटीकोचा दौरा दौरा रद्द हो गया। इधर घंटो इंतजार के बाद उपायुक्त का जादूगोड़ा दौरा रद्द होने के बाद ग्रामीणों के हाथ निराशा लगी। बाद में विस्थापित नेता मेघराय हासदा ने इस बाबत उपायुक्त विजया जाघव से फोन पर जानकारी हासिल की। उपायुक्त व्यवस्ता की बात कहकर कर अगले मंगलवार तक चाटीकोचा गांव दौरा का वादा किया। उपायुक्त के इस आश्वासन के बात ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। फोन पर उपायक्त के इस भरोसे के बाद ग्रामीणों में आस जगी है कि उनकी वर्षो की मांग पर कोई न कोई सकारात्मक फैसला चाटीकोचा के ग्रामीणों के पक्ष में जरूर आएगा।

## आग के अंगारों पर चलकर व हुक के सहारे झुलकर दिया आस्था का परिचय





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में चड़क पूजा कर बंगला का पोइला बैशाख पर नव वर्ष का जमकर स्वागत करने का प्रचलन आदि काल से अब तक किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में पोइला बैशाख का स्वागत में छौऊ नाच ,डांस धमाका आदि का आयोजन शुक्रवार को रात भर जगह जगह किया गया। वहीं ईचागढ़ के लाबा गांव में शनिवार की सुबह आस्था का अजब दृश्य देखने को मिला। लहलहाती आग पर चलकर भगवान के प्रति आस्था व्यक्त किया गया। गांव की बुटन ग्वालिन लहलहाती आग में चलकर लोगों को आश्चर्य चकित कर दिया। वहीं पाट भक्ताओं ने अपने पीठ पर लोहे के कील घोंपकर लकड़ी से बने विशेष तरह के घुंटे से करीब 40 फीट ऊंची आसमान पर घुमाया गया। भक्ता दिनेश उरांव ने बताया कि गुरूमाता बुटन ग्वालिन लहलहाती आग में चली और भक्ता को खुंटे पर पीठ में खंजर भोंक कर आसमान में घुमाया गया। मौके पर जिप प्रतिनिधि सह मुखिया नयन सिंह मुण्डा, रामेश्वर उरांव, बांग गोप, चंदन, गोवर्धन गोप, सुकराम महतो, दिनेश उरांव,हरेकृष्ण दास, गणपति उरांव, हेमसिंह,शंकर सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे ।

## विश्व कला दिवस : मनिता महतो बनाई एक किशोरी का चित्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड अंतर्गत घोड़ानेगी की रहने वाली छात्रा मनिता महतो ने विश्व कला दिवस के मौके पर अपनी कला की प्रस्तुति देते हुए एक बहुत ही खूबसूरत किशोरी की चित्र अंकित किया है। मनिता ने इस चित्र के माध्यम से दिखाना चाहती है इस स्थिति को अपने चित्रों में कई कारणों से कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली अधिकतर किशोरियां टॉप नहीं पहनती हैं। वे ज्यादातर समय टॉपलेस रहती हैं, इसलिए इस चित्र के माध्यम से उनके सीने को अपने हाथों से ढकने की कोशिश करती हैं। इससे उन्हें विशेष रूप से युवा लड़कियों को अधिक सम्मान मिलता है। इसके अलावा इस इशारे से पता चलता है कि वे खुद को बचाने की कोशिश कर रही हैं। मनिता ने समाज के लोगो के लिए एक संदेश देते हुए कहा कि किसी वस्तु का चित्र करना या नकल करना नहीं है, बल्कि उस सुंदरता को पकड़ना है जो हर कदम पर खोजी जाती है। मनिता ने जमशेदपुर के करीम सिटी कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। बचपन से ही चित्रकारी के तरफ उसकी रुचि है।

## एससी-एसटी-ओबीसी समन्वय समिति ने अंबेडकर जयंतीं पर बच्चों के बीच बांटा पाठ्य सामग्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** एससी-एसटी-ओबीसी समन्वय समिति की ओर शुक्रवार को आदित्यपुर स्थित जागृति मैदान में डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई. इस अवसर पर समिति के द्वारा 300 स्कूली बच्चों के बीच में पाठ्य सामग्री और स्कूल बैग वितरण किया गया. इससे पूर्व आदित्यपुर स्थित शेरे पंजाब चौक से और रोड नंबर 4 स्थित गायत्री स्कूल के पास से विशाल अधिकार यात्रा निकाला गया. जहां पर यात्रा में शामिल लोगों ने बाबासाहेब के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इस अधिकार यात्रा में हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे. इस मौके परअतिथियों ने आर्ट गैलरी का उद्घाटन किया और अतिथियों ने मंचासीन होकर अम्बेडकर के जीवनी पर प्रकाश डाला. मंच पर नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह, महिला नेत्री शारदा देवी, अखिल झारखंड दुसाध महासभा सरायकेला खरसावां के जिलाध्यक्ष सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सरयू पासवान, सरायकेला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अधिवक्ता ओम प्रकाश, आदि थे।

## सामूहिक इफ्तार के आयोजन से बढ़ती है सद्भावना : फजल खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रवक्ता सह महासचिव फज़ल ख़ान के आवास में इफ़्तार का आयोजन किया गया। इफ़्तार में सभी धर्म एवं राजनीतिक दल के लोग मौजूद थे। दावत ए इफ्तार में मुख्य रूप से विधायक संजीव सरदार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बिजय ख़ान, गुलरेज अंसारी, रविन्द्र कुमार झा पश्चिम सिंहभूम के सिविल सर्जन डॉक्टर साहिर पॉल, डॉक्टर सलीम,खेल विभाग के हसन इमाम मल्लिक,बच्चे ख़ान, झामुमो के वरिष्ठ नेता बबन राय, शाहिद अंसारी, मोहम्मद समद, संस्था इंकलाब के संस्थापक अजमेरी ख़ान, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आसिफ रिज़्वान ख़ान आदि मौजूद थे। फजल खान ने दावत ए इफ्तार में शामिल सभी लोगों का अदा किया। मौके पर जमशेदपुर और झारखंड के अमन और चैन के लिए मौलाना अबरार कैसर ने विशेष दुआ की।

## बिष्टुपुर में मना भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर जयंती मनाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड प्रदेश पान (तांति) स्वासी, समाज, जमशेदपुर के तत्वाधान में बिष्टूपुर में भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गया। तदुपरांत उनके जीवन के महत्वपूर्ण घटनाओं व राष्ट्र को दिए गए उनके योगदान पर चर्चा की गई । दलितों के मसीहा मज़दूरों के तथा महिलाओं के तारणहार तथा संविधान के निर्माता के रूप में राष्ट्र उनका कृतज्ञ रहेगा ।

## आप ने निकाली गौरव रैली, किया लड्डू वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** शनिवारक को सरायकेला शहर में आम आदमी पार्टी की विधानसभा अध्यक्षा सावित्री मार्डी ने कई कार्यक्रम एक साथ किया, जिसमें पैदल-मार्च व लड्डू-वितरण प्रमुख रहा। सर्वप्रथम, उपायुक्त आवास के समीप सिद्धू-कानू पार्क में सरायकेला के कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई जिसे कोल्हान के वरिष्ठ नेता मनीष कुमार डेनियल ने संबोधित किया। उन्होंने वोलेंटियर्स के साथ पार्टी के विस्तार एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से संबंधित सूक्ष्म रणनीति साझा की। बैठक के उपरांत सरायकेला विधानसभा अध्यक्षा सावित्री मार्डी के नेतृत्व में एक दर्शनीय गौरव-यात्रा निकली जो सिद्धू-कानू पार्क से शुरू होकर थाना परिसर होते हुए मुख्य बाज़ार चौराहे तक पहुँची। वहाँ सावित्री, मनीष, देवव्रत मुर्मू, कांदरू, रामचंद्र मार्डी, तापे, श्रीनिवास राज, रितेश व कई महिला कार्यकर्ताओं द्वारा आप के राष्ट्रीय पार्टी बनने की खुशी में आम जनता, राहगीरों व वाहन-चालकों में लड्डू का वितरण किया। आम लोगों में भी पार्टी को लेकर काफ़ी उत्साह दिखा तथा कुछ लोगों ने तो ततक्षण सदस्यता भी ले ली।

## बागवानी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** चाकुलिया प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बागवानी से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की उपस्थिति में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखण्ड बागवानी मित्र के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जेएसएलपीएस सभी बागवानी सखी और मित्र ने प्रशिक्षण में भाग लिया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से स्वीकृत योजनाओं में बागवानी सखियों को जोड़ कर योजना में पिट खोदाई, घेरान, जलकुण्ड एवं सीपीटी से जुड़ी सभी प्रकार की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चाकुलिया, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, चाकुलिया उपस्थित थे।

# नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना स्थल पर बेटी की हालत देख कर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना।बताया जा रहा है कि शुक्रवार को चंदवा थाना क्षेत्र में बच्ची के साथ गैंगरेप की घटना से इलाका सन्न है. हैवानियत के बाद दुष्कर्मियों ने बच्ची की निर्मम हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार मृतक बच्ची स्थानीय प्राथमिक विद्यालय हुटाप के कक्षा चार की छात्रा थी. बच्ची बीते शाम घर से बगल की घर में जाने को बोलकर बाहर निकली थी. जो देर रात्रि तक वापस नहीं लौटी तो पिता काफी खोजबीन कर थक हार कर सो गये. अहले सुबह दोबारा बच्ची की खोजबीन शुरु की तो घर के समीप खेत पर किसी को अचेत पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई। जिसके बाद परिजन तुरंत घटनास्थल पहुंचे। जिसके बाद घटनास्थल पर बेटी की हालत देख चित्कार मच गया। घटना को लेकर स्थानीय मुखिया सुखु सिंह ने बताया कि प्रारंभिक दृष्टया एक से अधिक लोगों द्वारा दुष्कर्म किया गया प्रतीत होता है. वहीं घटना की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस निरीक्षक अमित कुमार गुप्ता दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में ले लिया. इसके बाद साक्ष्य जुटाने के लिए डॉग स्क्वॉयड की टीम का सहारा लिया जा रहा है। वहीं घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना है।बच्ची की मां ने घटना में संलिप्त दुष्कर्मियों और हत्यारों को अविलंब गिरफ्तारी करने और फांसी की सजा की मांग की है।

# सवारी गाड़ी और टेंपो में हुई टक्कर, चार घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर शनिवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम स्थित दुर्गा मंडप के समीप तीखे मोड़ में एक टेंपो और सवारी गाड़ी में आमने सामने टक्कर हो गई ।जिसमें चार लोग घायल हो गए घायलों में रविंद्र उरांव 20 वर्ष पिता लालसहाय उरांव ग्राम तासु थाना हेरहंज निवासी, युसूफ अंसारी 48 वर्ष पिता लियाकत अंसारी, सबीना बीवी 44 वर्ष पति मो0 यूसुफ,कुलसुम बीवी 45 वर्ष पति मो0नजाबत ग्राम सभी ग्राम बालू थाना बालूमाथ, दिलेश्वर उरांव परसही लातेहार शामिल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ से सवारी लेकर टैंपू तो बालू ग्राम जा रहा था। वही लातेहार की ओर से सवारी गाड़ी बालूमाथ की ओर आ रहा था। इसी दौरान बालू ग्राम के समीप तीखे मोड़ में दोनों में आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें उक्त सभी घायल हो गए घटना के बाद सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया वहीं कुलसुम बीवी की गंभीर स्तिथि को देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया गया।

## डीसी अबू इमरान का जनता दरबार, आम लोगों की समस्याओं का किया निपटारा



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से पेयजल से संबंधित मामले, किसान क्रेडिट कार्ड योजना संबंधित, भूमि संबंधित, आवास से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल थे। गौरतलब है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार, शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## लंबित पीएम आवास को अविलंब पूर्ण कराने को लेकर सख्त नजर आए टंडवा बीडीओ : रंथू महतो



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत दिए गए आवासों को अभिलंब पूर्ण कराने को लेकर शनिवार को प्रखंड सभागार में एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पंचायत एवम् प्रखंड कर्मी के अलावे अपूर्ण आवासों के लाभुक भी उपस्थित हुए। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रंथू महतो ने गांव एवम् पंचायत वार पीएम आवास की समीक्षा करते हुए सभी कर्मियों एवम् लाभुकों को अविलंब आवास पूर्ण करने हेतु डांट फटकार लगाते हुए कई तरह के सुझाव भी दिए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बीडियो श्री महतो ने लाभुकों को प्रेरित करते हुए अभिलंब आवास बनाने की सलाह दी। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर अगर निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है, तो वैसे लाभुकों को पीएम आवास की दी गई राशि सूद सहित वसूली करते हुए उनके ऊपर कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# विशाल भंडारे के साथ रूद्र महायज्ञ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के एदला गांव में आयोजित रूद्र महायज्ञ शनिवार को विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। समापन पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महायज्ञ के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु हवन पूजन और आरती में शामिल हुए और यज्ञ मंडप में मत्था टेका। समापन में गांव की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। समापन के बाद यज्ञ के आचार्य और पुरोहितों को श्रद्धा पूर्वक दान दक्षिणा देकर विदा किया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष नेमधारी महतो और मुखिया शकुंतला देवी ने यज्ञ में तन मन और धन अर्पित करने वाले ग्रामीणों के प्रति आभार जताया और उनके सुखी जीवन की कामना की। उन्होंने बताया कि यज्ञ में गांव के समस्त ग्रामीणों का यथा योग्य सहयोग प्राप्त हुआ जिसके कारण यज्ञ जैसे बड़े आयोजन का संचालन सफलतापूर्वक हो पाया। उन्होंने स्थानीय नागरिक और पुलिस प्रशासन के प्रति भी आभार जताया जिन का सहयोग भी निरंतर मिलता रहा। यज्ञ में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने भी भरपूर सहयोग दिया उन्होंने उनके प्रति भी कृतज्ञता जाहिर की। समापन समारोह में यज्ञ समिति के सदस्यों के अलावा, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष उपस्थित थे।

# भाजपा मंडल कार्यालय में ओबीसी आरक्षण के मांग को लेकर हुआ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** बारियातू प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण मांग को लेकर शनिवार को कार्य समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद ने की। बैठक का शुभारंभ दिनदयाल उपाधयाय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समीप द्वीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रभारी तपेश्वरी देवी, मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम मौजूद रहे।बैठक में उपस्थित भाजपाईयों को संबोधित करते हुए ओबीसी जिला उपाध्यक्ष देवनन्दन प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी क लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया है लेकिन लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण में झारखंड सरकार ध्यान नहीं दे रही है। झारखंड सरकार ने लातेहार के लिए ओबीसी आरक्षण जीरो कर दिया है। केन्द्र सरकार द्वारा दी गई लागू की गई आरक्षण लातेहार में झारखंड सरकार अगर ओबीसी को आरक्षण नहीं देते हैं तो बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा एवं हर बूथ हर गांव में जाकर ओबीसी को जगाने का काम करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से प्रकाश यादव, जितेंद्र कुमार सहित मोर्चा के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बंद घर में ताला तोड़कर चोरो ने उड़ाएं लाखों रुपये का चोरी

**चतरा/ हंतरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के करमा पंचायत स्थित कोण गांव में बंद पड़ा उमेश चौधरी के घर में गुरुवार की देर रात अज्ञात चोरो ने घुसकर चोरी का अंजाम दिया।इस दौरान चोरो ने समरसेबल मोटर स्टॉर्टर, कम्बल, चादर समेत कई समान ले उड़े। भुक्तभोगी चौधरी ने इस घटना कि लिखित शिकायत वशिष्ठनगर थाना में दिया है।इसके पूर्व भी इसी घर में चोरी हुई थी। इस गांव में यह पहली घटना नही है, बल्कि दस सितम्बर को तीन मोटर डेढ़ एचपी का रामबिलास चौधरी,रामलखन चौधरी और संतोष चौधरी का चोरी हुआ है। दूसरी घटना मे 28 दिसंबर को दो एचपी का दो मोटर सुरेश चौधरी एवं राजेंद्र प्रसाद का चोरी हुआ था। तीसरी घटना 8 अगस्त के गोबरडीह निवासी दिनेश यादव के भी दो एचपी का मोटर चोरी हुआ था। चौथा घटना बांदु गांव निवासी दीनानाथ पाठक के घर से 28 मई कि रात्रि में खिड़की तोड़कर घर मं रखा सभी समान का चोरी।इस प्रकार पुरे पंचायत में चोरी के लगातार घटना से लोगों में दहशत है। इस तरह से मोटर चोरी होते रहा तो खेती करने में किसान को घोर, परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।वही दूसरा तरफ नीलगाय से किसानों को परेशानियां हो रहे है।

## आजसू व रविदास समाज ने मनाई अंबेडकर जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा बाजार टाड़ में आजसू कार्यकर्ताओं व रविदास समाज के द्वारा धूमधाम से आंबेडकर जयंती मनाया गया। इस अवसर पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए बाबा साहेब के द्वारा बताए मार्ग पर चलने की प्रण लिया गया।इस मौके पर लोगो को समझाते हुए आकाश यादव ने बताया कि आंबेडकर जयंती डॉ. भीमराव आंबेडकर जिन्हें डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के नाम से भी जाना जाता है, बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल को हुआ था इस दिन को पर्व के रूप में भारत समेत पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन को समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले आंबेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है। आंबेडकर को विश्व भर में उनके मानवाधिकार आंदोलन संविधान निर्माता और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं और यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। आज हम सभी को बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलना होगा। तब ही सर्वांगीण विकास संभव है। मौके पर सरवन राम,भरत राम,जीवन राम,सतीश राम,आदि मौजूद थे।

**कांग्रेस का चतरा समाहरणालय घेराव 19 अप्रैल को**

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** केंद्र की मोदी सरकार लोकतंत्र पर आक्रमण कर मनमाने तरीके से सरकार चलाने का काम कर रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय राहुल गांधी जी की संसद की सदस्यता को समाप्त कर जनता की आवाज को दबाने का काम कर रही है। इसके विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल जी के निर्देशानुसार राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम जय भारत सत्याग्रह प्रदेश के सभी जिले के सभी प्रखंडों के हाट बाजार चौक चौराहे पर नुक्कड़ सभा आयोजित कर केंद्र की विफलताओं को जनता के बीच रखने का काम किया जा रहा है। उसी कड़ी में 19 अप्रैल को चतरा जिला समाहरणालय का घेराव एवं जनसभा कार्यक्रम होगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार दिनांक 19 अप्रैल को जिला समाहरणालय का घेराव एवं जनसभा को सफल बनाने हेतु चतरा जिला कांग्रेस कमेटी के सभी नेता कार्यकर्ता सभी प्रदेश डेलिगेट सभी प्रखंड के अध्यक्ष एवं सभी मित्रवत महागठबंधन राजनीतिक दल के सम्मानित अध्यक्षों से अपील किया है कि अपने कमेटी के सम्मानित नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर आंदोलन को सशक्त बनाए।सभी प्रकोष्ठ के सम्मानित नेता कार्यकर्ता युवा कांग्रेस छात्र कांग्रेस अल्पसंख्यक कांग्रेस महिला कांग्रेस एससी एसटी ओबीसी और सेवादल के नेताओं कार्यकर्ताओं भी शामिल होंगे।जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने अप्रैल को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में पहुंचकर जिला समाहरणालय का घेराव एवं जनसभा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा का मां लेमबोइया के प्रांगण में समीक्षात्मक बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के मां भगवती प्रांगण में भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में मोर्चा मंडल कार्य समिति सह समीक्षा की बैठक हुई। इस बैठक में प्रभारी एवं मुख्य अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र दांगी एवं ओबीसी मोर्चा हजारीबाग जिला प्रभारी आदरणीय बिंदेश्वरी जी उपस्थित हुए। बैठक ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मण एवं प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय अमरदीप यादव के निदेशा अनुसार की गई। बैठक में जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष बिनोद दांगी, महामंत्री पत्थलगड़ा मंडल बिरोचन गिरी, विहिप अध्यक्ष कैलाश दांगी, गणेश यादव, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष पत्थलगड़ा सूर्यदेव गंझू, एससी मोर्चा महामंत्री सुखदेव गंझु, प्रखंड महामंत्री तिलेश्वर राणा, मनीष सिंह भाजपा युवा मोर्चा मंत्री, हरीश दांगी, सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, सुधीर ठाकुर जागेश्वर साव उपस्थित हुवे।

## बिजली कटौती से रोजेदार परेशान

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गर्मी का पारा चढ़ते ही विभाग ने बिजली कटौती शुरू कर दिया है जिससे रोजेदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां रोजा इफ्तार के वक्त से पुरी रात बिजली की आंखमिचौली रोजेदारों के साथ स्कूली बच्चों को पढ़ाई करने में समस्या बन रही है। वहीं प्रखंड प्रशासन और क्षेत्र के बड़े प्रतिनिधियों को इस समस्या से निजात दिलाने को लेकर संज्ञान लेने की जरूरत है ताकि रोजेदारों को दिनभर की तपती धूप की शिद्दत से इफ्तार के बाद नमाज तरावी पढ़ने के बाद राहत मिल सके। जहां बरवाडीह के हुटार फीडर के बिजली उपभोक्ता के साथ पंचायत छेंचा के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से गुजारिश की है कि मामले को संज्ञान में लेकर उक्त समस्या का हल निकाल सकें।

## अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने महिला को मारी टक्कर

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित जनता एचपी गैस के समीप एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार ने महिला को टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सबीना बीवी 35 वर्ष पति चरकु मियां ग्राम घुटाम थाना हेरहंज निवासी अपने परिजनों के साथ खरीदारी करने बालूमाथ बाजार आई हुई थी। जहां सड़क पार करने के क्रम में एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में महिला का प्राथमिक उपचार किया गया।


## डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के सिंहपुर ग्राम में शुक्रवार की रात जय भीम जन जागरूकता क्लब के तत्वावधान में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया.जयंती समारोह का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया.जयंती समारोह को संबोधित करते हुये अभय कुमार पांडेय ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने न्याय, समाजिक समरसता के लिये आजीवन संघर्ष करते रहे.उन्होंने कहा कि हम सबों को उनके जीवन संघर्षो से सीख लेते हुये, उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिये. उन्होंने जयंती समारोह के आयोजकों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा उपलब्ध कराया जायेगा. उन्होंने कहा कि अगले वर्ष बाबा साहब की जयंती उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया जायेगा। कांग्रेस नेता ईश्वरी चौधरी ने उपस्थित लोगों से बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के बताये रास्ते पर चलने की अपील किया.पंचायत के मुखिया मनोज ठाकुर ने इस तरह के आयोजन के लिये जय भीम जन जागरूकता क्लब के सदस्यों को धन्यवाद देते हुये कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगो को उन महापुरुषों के बारे में बताना है,ताकि लोग महापुरुषों के जीवन से सीख लेते हुये उसे अपने जीवन मे उतारने का प्रयास करें. उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें.जब लोग शिक्षित होंगे तभी अपने हक व अधिकार के प्रति जागरूक होंगें। जयंती समारोह को बिनोद ठाकुर, अलीम अंसारी, गुलाबराम चंद्रवंशी, सत्येन्द्र कुमार ठाकुर सहित अन्य ने संबोधित किया. इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने भी अपने कला का प्रदर्शन किया. जयंती समारोह में क्लब के सदस्यों ने अतिथियों को फूलमाला व बाबा साहब की तस्वीर देकर सम्मानित किया। मौके पर पंचायत के उप मुखिया शारदा पासवान, अमरेश विश्वकर्मा, पूर्व वार्ड सदस्य नागेन्द्र राम, परशु राम, सोनू कुमार पासवान, उदय कुमार ठाकुर, महेंद्र राम, अखिलेश कुमार, विनय राम, क्लब के अध्यक्ष नितेश कुमार, सचिव सुदामा राम, कामेश्वर राम, बचनु राम, सभा राम, उमेश राम, नंदू राम, महेंद्र राम, मुनर राम, राजेश पासवान, अंदेश पासवान, शम्भू पासवान, चन्दन पासवान, अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुष उपस्थित थे।


## रवींद्रनाथ बने स्वच्छ भारत अभियान के प्रांतीय सह संयोजक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश संयोजक शशि भूषण ओझा ने विश्रामपुर के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता गांधी विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रविंद्र नाथ उपाध्याय को स्वच्छ भारत अभियान प्रांतीय सह संयोजक मनोनीत किया गया। वहीं रविंद्र नाथ उपाध्याय को प्रांतीय सह संयोजक मनोनीत किए जाने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें बेहतर कार्य करने की बधाई दी। मौके पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा मॉनिटरिंग की जाने वाली एक प्लान है। जिसे गांधी जी की जयंती के अवसर पर लागू किया गया था। इस अभियान से स्वच्छ भारत बनाने का महात्मा गांधी के अधूरा सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि अभिभावक स्वरूप रविंद्र नाथ उपाध्याय को स्वच्छ भारत अभियान भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश का प्रांतीय सह संयोजक बनने से जिला व विधानसभा क्षेत्र के युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आएगा। वहीं झारखंड प्रदेश संयोजक शशि भूषण ओझा की उम्मीदों पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करें। मौके पर विश्रामपुर ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि पंकज लाल, विश्रामपुर नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, विश्रामपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, किसान मोर्चा के अध्यक्ष नंदेव प्रसाद यादव, नावा बाजार प्रखंड के मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव, पांडू मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह, उंटारी मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, गोपाल सोनी, शमशेर आलम, सभी लोगों ने रविंद्र नाथ उपाध्याय जी की बधाई दी। स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश सह संयोजक बनाने पर मैं स्वच्छ भारत अभियान प्रदेश संयोजक श्री शशि भूषण ओझा उर्फ मुकुल जी, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक रामचन्द्र चन्द्रवंशी, पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक के द्वारा एक बड़ी जिम्मेवारी सौंपी गई है। सभी का आभार व्यक्त करता हूं ? जिसका ईमानदारी पूर्वक कर्तव्य का निर्वहन करेंगे।

## आगामी 20 अप्रैल को देवरी कला मिश्रा कोचिंग सेंटर में परशुराम जयंती का किया जाएगा आयोजन



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार आगामी 20 अप्रैल को देवरी कला पार्क के समीप मिश्रा कोचिंग सेंटर में परशुराम जयंती का आयोजन किया जाएगा इसकी जानकारी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के झारखंड प्रदेश कोषाध्यक्ष राजमोहन मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी और उन्होंने ब्रह्मण समाज से अपील किया कि हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज से भारी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग परशुराम जयंती मनाने के लिए देवरी कला पार्क के समीप मिश्रा कोचिंग सेंटर में समय 10:00 दिन में उपस्थित होकर परशुराम जयंती को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दें

## संक्षिप्त खबरें

### टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑफिसर्स क्लब जिंदल स्टील एंड पावर के तत्वाधान में टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कारखाना परिसर में किया गया है।टूर्नामेंट का



उदघाटन प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरियाँ ने किया ये टूर्नामेंट 21अप्रैल तक चलेगा।इसमें प्लांट के 9टीमों ने भाग लिया है।उदघाटन के मौके पर प्लांट हेड अजमेरियां ने जिंदल कर्मियों को खेल कूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया उन्होंने वर्कलाइफ/डेली लाइफ में भी संतुलन पर विशेष जोर दिया उन्होंने यह भी कहा की जिंदल स्टील कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है यही कारण है कि हर माह कारखाना परिसर में खेल कूद प्रतियोगिता आयोजन की जाती है।इस बार महिलाओं को भी क्रिकेट में भाग लेने के लिए अनिवार्य किया गया है।उदघाटन मैच में टेक्निकल पैंथर ने कमर्शियल टीम को 7विकेट से पराजित कर अपनी जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच आई टी विभाग के सुशील सिंह बनें।कल 15अप्रैल को वॉरियर्स और डॉमिनेटर्स के बीच मैच खेला जाएगा। टूर्नामेंट में आयोजक के रूप में ऑफिसर्स क्लब सक्रिय सदस्य /अधिकारी/कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित थे।

### हनुमान मंदिर में महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पैसरा में हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह् महायज्ञ के आयोजन को लेकर ढोल-नगाडो के साथ ग्रामीणों ने नगर भ्रमण किया गया।व



ध्वजारोहण किया गया।महायज्ञ 6 मई से 14 मई 2023 तक श्री श्री 108 श्री मारुति नन्दन सह रामचरित मानस महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा होगा। इसे लेकर शनिवार को ध्वजारोहण किया गया।तत्पश्चात ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि यज्ञ समापन तक मांस-मदिरा का सेवन से दूर रहेंगे।इस मौके पर विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद,मुखिया चिंता देवी,पूर्व मुखिया अशोक रविदास,वार्ड सदस्य सुरेश प्रसाद एवम आशा कुमारी समेत शंकर दयाल प्रसाद,द्वारिका महतो,त्रिभुवन प्रसाद,भीमलाल प्रसाद,महेंद्र सिंह,भीखन यादव, बबुनी महतो,लेखराज महतो, चुरामन महतो, बैजू महतो, किशुन महतो ,जितेंद्र प्रसाद, अशोक ठाकुर,अंगलाल ठाकुर,धर्मचन्दी यादव, जिबलाल यादव दिनेश यादव, दिनेश यादव,विनय शर्मा, पुरुषोत्तम कुमार,टुकलाल महतो,टिपलाल प्रसाद,नरेश कुमार,राजकुमार रविदास, गांगो महतो,महेंद्र रविदास, महेश महतो,रामचंद्र प्रसाद , मुनिया देवी,माला कुमारी, गीता देवी,कलावती कुमारी, कुमारी वीणा,विमला देवी, गौरवा देवी,सोहवा देवी, मधुरा देवी,देवंती देवी,फुलवा देवी एवं सेकडो कि संख्या में महिला एवं पुरूष के साथ ग्रामीण मौजूद थे।

### एक दिवसीय व्याख्यान सत्र का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नव झारखण्ड फाउंडेशन के द्वारा राम राज्य एवं भारतीय संविधान विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर भारती म्यूजिकल अकादमी के टीम के द्वारा देशभक्ति गीत व वंदे मातरम गीत प्रस्तुत कर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता व पी आई एल मैन ऑफ इंडिया कहे जाने अश्विनी उपाध्याय ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि हर समस्या का समाधान है और हम ही से है , बस हमें कर्तव्य पथ में संगठित होकर गतिमान रहना है। उन्होंने इसके साथ ही लचर शिक्षा में सुधार , भ्रष्टाचार के विरुद्ध कड़े कानून , घुसपैठियों को खदेड़ने संबंधी अधिनियम के लिए आंदोलन करने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देवघर जिला के पूर्णकालिक प्रचारक राजेश झा एवं संचालन अमन हेम्ब्रम ने किया। नव झारखंड फॉउंडेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने बीज वक्तव्य द्वारा सभी का विषय प्रवेश कराया।

# आंदोलन में अंततः मजदूरों की जीत हुई : रंजीत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** प्रबंधन के बिना वार्ता किए संडे काटने के तुगलकी फरमान के खिलाफ कोलफील्ड मजदूर यूनियन के नेतृत्व में गिद्दी ए परियोजना में मजदूरों ने तालाबंदी कर सभी कार्य को ठप्प कर दिया इस बीच कई दौर की वार्ता विफल होने के बाद प्रबंधन ने आंदोलन को दबाने के लिए चार लोगो पर एफआईआर कर दिया, कोलफील्ड मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पाण्डेय पर परसोना नॉन



ग्राटा लगा दिया और नो वर्क नो पे का नोटिस चिपका दिया।लेकिन मजदूर ने अपनी चट्टानी एकता दिखाई और आंदोलन 36 घंटे तक चलता रहा और परियोजना के सारे कार्य ठप्प रहा। अंततः प्रबंधन को मजदूरों के एकता के सामने झुकना पड़ा और एसओपी के नेतृत्व में महाप्रांधक का संदेश लेकर आई अधिकारियों की टीम ने प्रस्ताव दिया की महाप्रबंधक मजदूरों की हर समस्या का समाधान करने के लिए तैयार है और 14 अप्रैल को वार्ता किया जाएगा! मजदूरों ने भी उनका सम्मान रखते हुए आंदोलन वापस ले लिया। उसी आलोक में कल सायं 5 बजे महाप्रबंधक के साथ द्विपक्षीय वार्ता हुई इस वार्ता प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक अरगड्डा सुधांशु पांडे, एसओपी गिरीश चंद्रा और एसओसी गौरव तिवारी और मजदूरों की ओर से प्रतिनिधि के रूप में कोलफील्ड मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष रंजीत पाण्डेय एवम क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पाण्डेय थे।वार्ता बहुत सौहार्द पूर्ण वातावरण में हुआ जिसमे मजदूरों के मांगो को मानते हुए सहमति बनी की

1) प्रबंधन द्वारा नो वर्क नो पे के फैसले को वापस ले लिया गया

2) सी टी ओ के आभाव में भी संडे 50% चलाया जाएगा और सी टी ओ मिलने के उपरांत पहले की तरह संडे चलेगा।

3) यह की विगत दो माह से मजदूरों के तनख्वाह में नाइट एलाउंस नही दिया जा रहा था उसे इस माह में तनख्वाह में भुगतान कर दिया जाएगा!!

4) वर्कशॉप कार्यस्थाल पर 10 दिनों के अंदर आर ओ सिस्टम बैठा दिया जाएगा ताकि ठंडा और शुद्ध पानी उपलब्ध हो

5) यह की मजदूर नेता पुरुषोत्तम पाण्डेय पर लगे परसोना नॉन ग्राटा को वापस ले लिया गया।

6) मजदुर नेताओ पर की गई प्राथमिकी को खत्म करने के लिए प्रबंधन पुरा सहयोग करेगी।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में किशोर भारती और कन्या भारती का किया गया गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती और कन्या भारती का गठन किया गया। इसमें संबंधित विभाग के भैया-बहनों को अपने-अपने विभागों के क्रियान्वन व संचालन की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने गठित विभागों का उद्देश्य बताते हुए कहा कि विद्यालय के सभी भैया-



बहनों को विद्यालय के शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराना तथा उनके बीच नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। इसमें सभी दैनिक गतिविधि भैया बहनों के द्वारा स्वयं संचालित की जाती है।

## रामगढ़ के सौदागर मोहल्ला के ट्रांसफार्मर में लगी आग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के सघन आबादी वाले सौदागर मोहल्ला में ट्रांसफार्मर के शॉर्ट सर्किट से दो दुकानों में भीषण आग लग गई। अगलगी की घटना में लाखों रुपए मूल्य के सामानों की क्षति हुई है। फायर ब्रिग्रेड आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। बताया गया कि सिलाई दुकान में लाखों रुपए के कपड़े रखे हुए थे सभी जल गए। दुकान के मालिक रुस्तम ने बताया कि मेट्रो टेलर एवं मदन टेलर में



ट्रांसफार्मर के शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई जिससे पूरे दुकान जलकर राख हो गया दुकान में रखी हुई सिलाई के कपड़े पूरी तरह से जलकर राख हो गए जो कस्टमर के कपड़े थे साथ में दुकान में ईद को लेकर सवाई भी बेचा जाता था वह भी पूरी तरह से जल गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के लोगों ने बताया कि बिजली विभाग को लगातार इस बारे में आवेदन दिया गया था लगातार यहां आगजनी होते रहती थी फिर भी बिजली विभाग के द्वारा कोई भी ठोस कदम इसके लिए नहीं उठाया गया और आज एक बड़ी दुर्घटना होते होते आम लोगों के सहयोग से काबू पा लिया गया।

## डिजिटल सर्वे की टीम पहुंची मलकोको, स्कूल के शिक्षको का किया सर्वे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन अपनी रजत जयंती के अवसर पर प्रखंड में डिजिटल साक्षरता की दर बढ़ाने को लेकर पिछले सोमवार से लगातार सर्वे का काम कर रही है । सर्वे केंद्र निदेशक प्रदीप कुमार सिन्हा के निर्देशन में किया जा रहा है । इसके तहत प्रखंड के विभिन्न गांव में भ्रमण कर कंप्यूटर साक्षरता की दर जानकारी के साथ इसे आम जनता तक सुगम बनाने में आने वाले समस्याओं की जानकारी ली जा रही है । इसी क्रम में शनिवार को मलकोको पंचायत के डॉक्टर भीमराव अंबेदकर



पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का डिजिटल सर्वे किया गया । उन्हें डिजिटल साक्षरता के लिए प्रेरित करते हुए केंद्र के द्वारा चलाए जा रहे साक्षरता कार्यक्रम में सार्थक भूमिका निभाने की अपील की गई। मौके पर प्राचार्य गुलाब कुमार दास, शिक्षक शंकर दास, सकलदेव यादव, शिव कुमार यादव, शिक्षिका पूजा कुमारी, फरजाना खातून और ललिता कुमारी का सर्वे कर उन्हें केंद्र निदेशक ने केंद्र का स्मारिका भी प्रदान किया। सभी शिक्षकों ने केंद्र के द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़कर खुद को डिजिटल साक्षर बनाने की बात कही । साथ ही सभी विद्यार्थियों को भी इससे जुड़ने का अपील किया ।

## सीसीएल सुरक्षा जीएम अरगड्डा पहुंचे सुरक्षा सबंधी ली जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिददी :** सीसीएल हेड क्वार्टर रांची से शनिवार को सुरक्षा जीएम के. रामाकृष्णा, सुरक्षा मैनेजर विक्रांत कुमार अरगड्डा जीएम ऑफिस पहुंचे। यहां से स्थानीय अधिकारियों के साथ गिददी, रेलीगढ़ा आदि कोलियरियों में सुरक्षा संबंधी कैमरे, सुरक्षा गार्ड, लाईट पॉइंट समेत विभिन्न कार्यप्रणाली की जानकारी लिया। बताया जाता है कि आगामी 20 अप्रैल को अरगड्डा क्षेत्र



के विभिन्न कॉलोनियों का सुरक्षा ऑडिट होना हैं। इसे लेकर यह निरीक्षण कार्य किया गया। साथ ही उचित दिशा निर्देश भी दिए गए। मौके पर अरगड्डा सुरक्षा पदाधिकारी एसएन तिवारी, सुरक्षा इंस्पेक्टर राजु राम, प्रहरी शंकर समेत कई उपस्थित थे।

### आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा को मातृ शोक

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा की माता विलासो देवी का शनिवार तड़के निधन हो गया। उनकी उमर 97 वर्ष थी, विलसो देवी कुछ समय से बीमार थी। शनिवार को ही बादम नदी शमशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी ने पहुंचकर पुण्य आत्मा के चिता में लकड़ी देकर के भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। मृत आत्मा को सदगति प्राप्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। साथ ही उन्होंने शोकाकुल परिवारों को सांत्वना दिया। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, राजा खान, विक्रम गुप्ता, विजय कुमार, चंद्रदेव राम, टिकेंद्र महतो, बबलू पासवान, बबलू वर्मा, रोशन वर्मा, सनी वर्मा, श्रीराम वर्मा, निशांत गौरव सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

### दो दिवसीय प्रांतास्तरीय कार्यशाला आयोजित

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को रामगढ़ स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में बजरंगदल विश्वहिंदू परिषद् प्रांतस्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ जिलाध्यक्ष आलोक रत्न चौधरी की अध्यक्षता में हुई।संगठन की इस दो दिवसीय बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्यनारायण राव सहित प्रांत के कई बड़े पदाधिकारी मंचस्थ हुए। इस कार्यशाला में झारखंड के सभी प्रांतों से उपस्थित हुए दर्जनों पदाधिकारियों का हैसला बढ़ाते हुए बजरंगदल के राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्यनारायण राव ने कहा की हमारी संस्कृति और सभ्यता साढ़े चार हजार साल पुरानी है जो विश्व भर की सभी सभ्यताओं से हजारों वर्ष पुरानी मानी जाती है ।

जब कहीं बिजली, कंप्यूटर, टेलिस्कोप,विमान या कैलकुलेटर नही हुआ करता था तब भी हमारे ऋषि मुनियों को खगोलीय ज्ञान और ग्रहों की दूरी का ज्ञान था और हमारे वेद और पुराण में शब्द इसके गवाह है। विश्व का सबसे पुराना और हमारी वैदिक ज्ञान का धरोहर कही जाने वाली नालंदा विश्वविधालय को मुगलों के द्वारा जलाया गया था जिसमें रखी लाखों कीमती पुस्तके कई महीनो तक जलती रही थी जिससे हमारी वैदिक संस्कृति को नष्ट कर हमें बौद्धिक गुलाम बना सके। आज कुछ विदेशी वैज्ञानिक पृथ्वी और सूर्य की दूरी को अपने यंत्रों से नापने पर अपनी पीठ थपथपा रहें है उसको हमारे गोस्वामी तुलसीदास जी ने पंद्रहवीं शताब्दी में हीं अपनी स्वरचित हनुमान चालीसा के 18वीं चौपाई में बता दिया था। इसलिए मैं तो ये कहता हूं की जब दुनियाँ को खाने और रहने का तरीका नही आता था उस वक्त भी हम विश्वगुरु थें जिसको आज पश्चात सभ्यता झुठलाने की कोशिश करती है।

मंचस्थ प्रांत कार्याध्यक्ष तिलक राज मंगलम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की आज आप सभी युवाओं के सहयोग से हमारा संगठन देश के उत्थान में अपना योगदान देने के साथ हीं अपनी सनातन संस्कृति को को संजोए रखने के लिए अपना सर्वस्व निछावर करने के के लिए हमेशा आगे आया है जिसको दुनियां ने देखा है। उन्होंने कहा चाहे मौका देश में फैली महामारी का हो या देश की संस्कृति और आस्था को बचाने का रहा हो हमारे बजरंगियों ने हर मौके पर अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करवाकर मुसीबतों का सामना किया और अपनी जीत हासिल की है। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक जन्मजय कुमार,प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह,प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो,प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर,प्रांत सुरक्षा प्रमुख मनोज कुमार,जिला मंत्री छोटू वर्मा,सुरक्षा प्रमुख दीपक मिश्रा,प्रांत विधार्थी अमित पासवान,विभाग संयोजक धनबाद रवि वर्मा,सोनू सिंह,विशाल साहू,भवानी सिंह सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन समाधान न होने पर जल्द होगा आंदोलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विभिन्न महाविद्यालय के बीएड विभाग के छात्र छात्राओं ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक को मांग पत्र सौंपा।मांग पत्र में विभिन्न यूनिवर्सिटी के बीएड के अंकपत्र भी संलग्न करके सौपा गया।मांग पत्र के माध्यम कहा गया कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी से अंगीभूत तमाम महाविद्यालय जिनमें बीएड पाठ्यक्रम में 2 वर्ष की पढ़ाई 4 सेमेस्टर के आधार पर होती है।बीएड पाठ्यक्रम में विनोबा भावे विश्वविद्यालय में एक ही मैथड(पेडागोजी) पेपर के आधार पर बीएड पाठ्यक्रम की पढ़ाई जाती है।जबकि एनसीटीई के नियम अनुसार 2 मैथड पेपर की पढ़ाई होनी चाहिए थी।छात्र जीवन यादव ने कहा कि झारखंड के



रांची विश्वविद्यालय, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, सिद्धू कान्हो मुर्मू विश्वविद्यालय में बीएड के पाठ्यक्रम में 2 मेथड पेपर के आधार पर पढ़ाई होती है। इसके पूर्व भी विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण स्नातक में एक जेनेरिक पेपर के आधार पर डिग्री बांट दी गई जिसका खामियाजा छात्र भुगत रहे हैं।बीएड में भी एक मेथड पेपर के आधार पर पढ़ाई का नुकसान छात्र छात्राओं को ही उठाना पड़ेगा। केंद्रीय शिक्षक नियुक्ति व अन्य राज्यों के शिक्षक नियुक्ति में दो मेथड पेपर के आधार पर बीएड की पढ़ाई संपन्न कराई जाती है।निजी शिक्षण संस्थानों में भी दो मेथड पेपर वाले छात्रों को प्राथमिकता प्रदान की जाती है।एक पेडागोजी पेपर होने से नियुक्ति के कई अवसर सीमित हो जाएंगे।ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन की अनभिज्ञता का खामियाजा छात्र-छात्राएं भुगतने वाले हैं। छात्र प्रतिनिधियों ने कहा है कि अविलंब सत्र 2021-23 के चौथे सेमेस्टर से ही दूसरे मैथड (पेडागोजी) पेपर की पढ़ाई को शामिल कराया जाए अन्यथा छात्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।मांग पत्र सौंपने वालों में जीवन कुमार ,आलोक कुमार,तंजील रहमान,देव विकास दांगी,विद्याधर कुमार,यशोदा कुमारी,फरहीन कौसर,शानू सिंह,चंदन कुमार, प्रदूमन कुमार,अभिषेक कुमार,अनिल कुमार,मुकेश कुमार अन्य छात्र छात्राएं शामिल थे।

# पुलकित सिन्हा बनें रामगढ़ जिला शतरंज प्रतियोगिता 2023 के विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ में बच्चों की प्रतिभा निखारने और उनका हौसला बढ़ाने हेतु रामगढ़ जिले में दो दिवसीय शतरंज चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे 14 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।महाबली टीएमटी की तरफ से आयोजित इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता धनंजय कुमार ने किया ।

जिलास्तरीय शतरंज चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2023 का फाइनल मुकाबला शनिवार को मुख्य अतिथि भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू की उपस्थिति में खेला गया जिसमे पुलकित सिन्हा विजेता रहें और अंदर 14 के विजेता अर्थात कमल को घोषित किया गया। कुंटू बाबू ने सभी




विजेताओं को नगद राशि,प्रशस्तिपत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाते हुए उनका पीठ थपथपाने के साथ हीं आयोजको को कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कारवाने हेतु उनका आभार प्रकट करते हुए कहा। की शतरंज एक माइंड गेम है और इससे एकाग्रता आने के साथ निर्णय लेने का आत्मविश्वास बढ़ता है । साथ हीं उन्होंने अगली बार इसका आतोजन वृहत पैमाने पर करवाने का आश्वासन देते हुए कहा की अगली बार ग्रामीण एवं स्कूलों के बच्चों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए जिससे इस खेल के माध्यम से बच्चों का बौद्धिक विकास तेज गति से हो सके।

# अरगड्डा मां काली यज्ञ में दूसरे दिन वेदी पूजन व हुआ अग्नि प्रज्वलित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा जीपी कैंप में श्री श्री 1008 मां काली, मां बंगलामुखी, मां कात्यायनी, शनिदेव व शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में दूसरे दिन वेदी और आस्थाभा कोटा पूजन संपन्न हुआ। संध्या यज्ञ कुंड में अग्नि प्रज्वलित विधिवत की गई। अनुष्ठान में यज्ञाचार्य रामशरण गिरी, आचार्य आनंद स्वामी, समिति के सदस्य लगे हैं। यजमान के रूप में 7 भक्त रंजीत पासवान, सत्येंद्र महतो, संजय ठाकुर, सुभाष यादव, अशोक सिंह, पंकज प्रजापति, अजय पांडे हैं। यज्ञ 16 अप्रैल से 21 अप्रैल तक चलेगा। इसमें प्रतिदिन संध्या 8 बजे जागरण आरती, 9 बजे प्रवचन आयोजन होगा। यज्ञ को लेकर अरगड्डा क्षेत्र में



भक्त श्रद्धा भक्ति के साथ यज्ञ कुंड की ओर आ रहे हैं। यज्ञ स्थल के समीप 12 स्थानों पर विभिन्न देवी-देवताओं के प्रतिमाएं बिठाई गई हैं। मैदान में मेले का भी आयोजन किया गया हैं। जिसका लुफ्त लोग उठा रहे हैं। मौके पर यज्ञ समिति के बीएन तिवारी, भूपेश मणि तिवारी, सुशील सिंह, आनंद सिंह, रंजीत सिंह, अशोक कुमार, मुन्ना राम, आनंद स्वामी, सोमेश्वर तिवारी, अनिल गोसाई, पप्पू तिवारी, राहुल सिंह, राहुल कुमार समेत कई भक्तजन उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# जिले की महिलाएं मत्स्य पालन कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर हैं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** जोहार परियोजना, झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा संचालन किया जा रहा है। जोहार परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं का आजीविका संवर्धन करना है। जोहार परियोजना में महिलाओं की आजीविका वृद्धि के लिए विभिन्न गतिविधियों में कार्य किया जा रहा है, विभिन्न गतिविधियों में से मत्स्य पालन जोहार परियोजना में एक मुख्य घटक है। ग्रामीण महिलाएं जोहार परियोजना से जुड़कर पहली बार मत्स्य पालन कार्य कर अपनी आजीविका बढ़ा रही है। इन ग्रामीण महिलाओं के पास साधन होते हुए भी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने और मछली पालन जानकारी नहीं होने के कारण अपने स्त्रोतों का सही उपयोग नहीं कर पा रही थी। जोहार परियोजना के मात्स्यिकी प्रभाग में मुख्यतः 4 उपघटकों में कार्य किया जाता है, मछली उत्पादन, मत्स्य बीज उत्पादन, समेकित मछली पालन एवं पेन और केज कल्चर में मत्स्य पालन, जोहार परियोजना के तहत उपरोक्त वर्णित उपघटकों में कार्य कर अपनी आजीविका को सुदृढ़ करने के लिए महिलाओं का क्षमता वर्धन भी किया जाता है, इसके लिए ग्राम स्तर में तकनिक प्रशिक्षित मत्स्य मित्र के द्वारा मछली पालन करने के लिए प्रारंभिक तरीकों को छोड़कर वैज्ञानिक तरीके ( तालाब प्रबंधन, जल जाँच, बीच संचयन, आहार प्रबंधन, रोग निराकरण प्रबंधन और बाजारीकरण) से मछली पालन करने के विषय में प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जिससे कि ग्राम की महिलाएं अपनी उत्पादकता को बढ़ा सकें। क्षमतावर्धन / प्रशिक्षण के साथ-साथ जोहार परियोजना मत्स्य पालन में महिलाओं का आजीविका संवर्धन करने के लिए जोहार सहयोग राशि भी उपलब्ध कराती हैं। खूंटी जिला के रिहरगडा ग्राम की नीलमणि होरो अब अपने गाँव के लिए एक उदाहरण बन चुकी हैं। इनके इस उदाहरण बनने में जोहार परियोजना का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।नीलमणि जोहार परियोजना में जुड़ने से पहले मजदूरी का काम करती थी, साथ साथ महुवा चुनना और बेचना तथा पारंपरिक खेती से जीविकोपार्जन कर रही थी।जोहार उत्पादक समूह से जुड़ने से पहले नीलमणि के पास में ना तालाब था और ना ही खेती-बाड़ी के लिए जमीन। उत्पादक समूह में मछली पालन प्रशिक्षण से प्राप्त कर तालाब को किराया में लेकर, मछली पालन किया और अभी के समय में अपने पंचायत में एक उदाहरण बन कर उभर रही हैं, इसके अलावा आजीविका मत्स्य मित्र के रुप में गोविंदपुर पंचायत की दीदियों को जहां मिले पानी, वही पालो मछली रानी के स्लोगन से पंचायत की दीदीयो को प्रेरित कर रही हैं।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत शनिवार को यूनिसेफ सहयोगी संस्था डेवनेट द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया द्य अभियान में संयुक्त सचिव सह संयुक्त निदेशक इंद्रदेव मंडल ने बताया की रजरप्पा मंदिर झारखंड के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है, यहाँ देश के कोने कोने से श्रद्धालु पूजा करने आते हैं ऐसे में यह आवश्यक है की मंदिर परिसर और आसपास की सफाई और स्वच्छता सुनिश्चित हो, ताकि विभिन्न स्थानों से आने वाले श्रद्धालु मां छिन्नमस्तिके मंदिर रजरप्पा की सफाई की स्थिति को देखकर एक अच्छे विचार के साथ वापस लौटे द्ब कार्यक्रम में डेवनेट संस्था के सचिव अमरेंद्र सिंह ने अभियान की रूपरेखा के बारे में बताया, साथ ही अभियान के उद्देश्यों के संबंध में चर्चा किए द्ब आज के कार्यक्रम में यूनिसेफ से आए हुए ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन सलाहकार संजय पांडे ने बताया कि अलग-अलग प्रकार के कचरा के निपटान के लिए कई प्रकार के विकल्प मौजूद है । चर्चा के पश्चात अभियान में शामिल सभी सदस्यों के द्वारा भेड़ा नदी तथा दामोदर नदी से प्लास्टिक एकत्रित किया गया, उसके पश्चात भेड़ा नदी पूल के नीचे जाली लगाया गया ताकि पानी के साथ बहकर आने वाला कचरा जाली में फस जाए और सफाई कर्मियों के द्वारा लगातार उनका सफाई सुनिश्चित किया जा सके।इस दौरान उपस्थित सदस्यों का 5 टीम बनाकर मंदिर परिसर के आसपास स्थित सभी दुकानदारों के साथ संपर्क किया गया और उन्हें अपने दुकान में कूड़ेदान रखने हेतु प्रेरित किया गया। आज के कार्यक्रम में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर, कनीय अभियंता, यूनिसेफ सहयोगी संस्था डेवनेट से कृष्ण मुरारी सिंह, निर्भय कुमार मोदी, घनश्याम साह, अनुरोध अग्रवाल, वरुण सिन्हा, सुजीत गिरी, विजय कुमार, मुखिया सुनीता देवी, जल सहिया, नाविक संघ के सदस्य, मंदिर परिसर के सफाई कर्मी, प्रखंड समन्वयक सोशल मोबिलाइजर आदि उपस्थित थे ।

## खूंटी क्लब में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आज एसपी करेंगे उदघाटन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी क्लब एवं श्री गणेश आई हॉस्पिटल रातू रोड रांची के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को खूंटी क्लब परिसर में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित की गयी है। शिविर का उदघाटन जिले के एसपी अमन कुमार बतौर मुख्य अतिथि पूर्वाहन 11.30 बजे करेंगे। यह जानकारी क्लब के सचिव गणपत कुमार भगत एवं कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने दी। उन्होने बताया की शिविर में श्री गणेश आई हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञ डॉ अमित जायसवाल व उनकी टीम द्वारा जांच की जाएगी। शिविर पूर्वाहन 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक ही चलेगी। उन्होने आंखो की जांच हेतू इच्छुक व्यक्तियों से ससमय खूंटी क्लब परिसर पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।


**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**
(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)

नीलामी सूचना संख्या – 01/2023–24 दिनांक – 15.04.2023

नगर पंचायत कोडरमा अन्तर्गत उपयोग में न आने वाले निष्प्रायोजित (स्कैप) सामग्रियों का क0 सं0 01 से 07 एवं चापाकल मरम्मति से संबंधित निष्प्रायोजित (स्कैप) सामग्रियों का क0सं0 01 से 06 तक की नीलामी खुली डाक द्वारा दिनांक – 26.04.2023 को 11:30 पूर्वाहन अपर समाहर्ता, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति की उपस्थिति में की जायेगी। सामग्रियों का विवरणी निम्नवत है –

निलामी हेतु स्कैप सामग्री का विवरणी

| क0सं0 | सामग्री का नाम | संख्या | क्षमता |
|---|---|---|---|
| 1 | पानी टैन्कर | 04 | 2500 ली0 |
| 2 | सक्सन मशीन | 01 | 2500 ली0 |
| 3 | बडा कन्टेनर (डस्टबीन लोहा का) | 25 | 3000 ली0 |
| 4 | छोटा कन्टेनर (डस्टबीन लोहा का) | 04 | 1500 ली0 |
| 5 | टैक्टर डाला | 02 | – |
| 6 | छोटा रिक्शा | 03 | – |
| 7 | ट्रेक्टर बकेट (ट्राली) | 01 | – |

चापाकल की मरम्मति से प्राप्त निलामी हेतु स्कैप सामग्री का विवरणी

| क0सं0 | सामग्री का नाम | संख्या | क्षमता |
|---|---|---|---|
| 1 | पाईप | 70 पीस | 1.25 इंच डाया |
| 2 | वाटर चेम्बर | 30 पीस | – |
| 3 | पाईप रड | 65 पीस | – |
| 4 | हेन्डल | 18 पीस | – |
| 5 | हेड | 35 पीस | – |
| 6 | पेडस्टल | 13 पीस | – |

**नोट** :– नीलामी के संबंध में नियम एवं शर्तें की जानकारी हेतु Official website-koderma.nic.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर अवलोकन किया जा सकता है।

ह0/– प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 295213 Urban Development (23-24)_D


## फ्लू के एच3एन2 संक्रमण से बचने में मदद कर सकता है 4-इन-1 फ्लू वैक्सीनेशन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईसीएमआर की तरफ से हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट में सामने आया है कि एच3एन2 वायरस के कारण होने वाले फ्लू के मामले पूरे देश में बढ़ रहे हैं। वायरस का यह स्ट्रेन लंबे समय तक बीमारी का कारण बनता है और अन्य वायरस स्ट्रेन से होने वाले फ्लू संक्रमण की तुलना में इसके कारण अस्पताल में भर्ती होने के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं। जिन लोगों की प्रतिरक्षा शक्ति कमजोर होती है, उनमें न्यूमोनिया, ब्रोंकाइटिस एवं दौरे पड़ने का खतरा ज्यादा रहता है। आईसीएमआर के आंकड़े दिखाते हैं कि पिछले तीन महीने में अस्पताल में भर्ती होने वाले एच3एन2 से संक्रमित एसएआरआई (सीवियर एक् पीयूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन) के 10 प्रतिशत मरीजों को ऑक्सीजन देने की और 7 प्रतिशत को आईसीयू में भर्ती होने की जरूरत पड़ी।एच3एन2 और फ्लू के अन्य स्ट्रेन से संक्रमित होने का सबसे ज्यादा खतरा 5 साल से कम उम्र के बच्चों, बड़ी उम्र के लोगों, गर्भवती महिलाओं और डायबिटीज, अस्थमा, किडनी की बीमारी व दिल की बीमारी से पीड़ित लोगों में रहता है।

## रांची रोड जमीन विवाद में पहुंचे हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के रांची रोड स्थित रैयत मौजा मरार के खाता नंबर 41 प्लॉट नंबर 1384 में 94 डिसमिल जमीन में रैयत सुशील कुमार साहू और महावीर रोंगटा के विवाद को लेकर शनिवार को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, सीआईए राजा राम मुंडा, कर्मचारी मंजू रविदास, थाना प्रभारी रोहित कुमार हीरक नगर के हीरक कैंप पहुंचे। हीरक कैंप पहुंचकर सांसद, सीआईए, कर्मचारी और थाना प्रभारी ने रैयत सुशील कुमार साहू और महावीर रोंगटा दोनो से मिलकर वार्ता करते हुए दोनो पक्षों की बातों को सुना। रैयत पक्ष के रैयत सुशील कुमार साहू ने कहा कि सरकार ये कहती है कि 1932 की खतियान जो मानेगा वही झारखंड में रहेगा। हमलोग 1914 के खतियानी रैयत है। खतियान हमारे नाम पर, जमीन का रसीद 2023 तक, केंटोमेंट टैक्स हम देते है। घर हमारा जमीन हमारी, यहां के मूलवासी हम है। फिर भी यहां की पुलिस हमलोगों को तंग कर रही और हम रैयतों पर एफआईआर करके परेशान कर रही है। आज हमलोग सातवें दिन से महावीर रोंगटा के द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। सांसद जयंत सिन्हा ने सभी बातों को सुनकर कहा कि ये मामला जमीन का है पुलिस आपको तंग नहीं करेगी। इस दौरान श्री सिन्हा ने कहा कि रैयतों को परेशान मत कीजिए और शांति से रहने दीजिए। वही सीआईए ने दोनो पक्षों को अपना अपना दस्तावेज अंचल कार्यालय में जमा करने का आदेश दिया।


**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2023–24

वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में प्राप्त 15वें वित्त आयोग आबद्ध निधि से स्वीकृत क्रमांक– 07 में ग्रुप संख्या 04 एवं 09 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद एकल बीड निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.विज्ञापन दाता का नाम :–जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–24.04.2023 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3.निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–25.04.23 (अपराह्न 3:00 बजे तक)
4.निविदा खुलने की तिथि :–दिनांक–25.04.23 (अपराह्न 04:00 बजे)
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–जिला परिषद् कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा।
6.निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
7.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | एक्टिविटि क्रमांक 2020–21 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | 67616237 | प्रखण्ड जयनगर के पंचायत बेको ग्रम बेको में शिवनरायण यादव घर से बजरंगबली मंदिर तक नाली निर्माण। | 275600.00 | 5600.00 | 750.00 | 3 माह |
| 09 | 67622975 | पंचायत पुरनानगर के ग्राम चन्द्रोडीह में आहर का जीणोद्धार। | 697900.00 | 14000.00 | 1250.00 | 3 माह |

निविदा की शर्ते www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 295209 (Rural Development)23-24*D



**सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा**
**(भू–अर्जन शाखा) प्रपत्र VII**
**झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार**

अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1)के अधीन )

अधिघोषणा सं0– ............................ दिनांक– ..........................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम – केरसई, थाना न0 – 40, थाना /अंचल– केरसई, जिला – सिमडेगा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – मुख्य सड़क से केरसई थाना तक पहुँच पथ हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिघोशित किया जाता है कि ग्राम – केरसई, थाना न0 – 40, थाना / अंचल– केरसई, जिला – सिमडेगा, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश **4.6** डिसमिल यानि **0.0186** हेक्टेयर मानक माप का रैयती भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है–

| क्रम संख्या | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या | | | | वृक्ष | | संरचनाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पु0 | प.0 | किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया sft. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 344 | 3878 | रैयती | टांड दो वर्तमान में रास्ता | 4.60 डीसमील | 1.सुरेन प्रसाद 2.सरजु प्रसाद दोनों पिता स्व0–मथुरा साव 3.दीपू प्रसाद, पिता स्व0 राजेश प्रसाद 4. सुमित्रा देवी पति स्व0 राजेश प्रसाद | थाना की जमीन | केरसई – कुरडेग पक्की सड़क | सरजु प्रसाद का जमीन | सुरेन प्रसाद का जमीन | ञ | ञ | – | ञ |
| कुल रकबा | | | | | 4.60 | | | | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0 – 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारो की संख्या शून्य है।

उपायुक्त
सिमडेगा

PR 295185 (Land Reforms)23-24*D



**कार्यालय अंचल अधिकारी, नामकुम (राँची)**

आम सूचना

बिरसा मुण्डा विमानपत्तन, राँची के विस्तारीकरण हेतु भू–अर्जन वाद संख्या–06/2008–09, 07/2008–09, 08/2008–09 द्वारा भूमि अर्जित किया गया है। भूमि अर्जन के बावजूद अतिक्रमणकारियों का दखल कब्जा बरकरार है। बिरसा मुण्डा विमानपत्तन, राँची के विस्तारीकरण से प्रभावित व्यक्तियों को बंदोबस्ती पर्चा निर्गत है।

अतः वे अर्जित भूमि पर से स्वेच्छा से दिनांक 30.04.2023 तक अतिक्रमण हटा लें अन्यथा बाध्य होकर लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 के सुसंगत धारा के तहत् अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

बिरसा मुण्डा विमानपत्तन, राँची के विस्तारीकरण हेतु अर्जित भूमि मौजा हेथू के विस्थापितों की सूचीः–

| क्र. | विस्थापितों का नाम |
|---|---|
| 1. | संतोष प्रसाद शर्मा पिता गोविन्द कु. शर्मा |
| 2. | आनन्द कुमार शर्मा पिता गोविन्द कु. शर्मा |
| 3. | राजा राम साहु पिता स्व. लंगटु साहु |
| 4. | राम प्रवेश साहु पिता स्व. चनारे साव |
| 5. | पशुपति प्रमाणिक |
| 6. | श्रीमती कमला देवी पति श्री कृष्णा रजक |
| 7. | श्रीमती गीता पासवान पति श्री अर्जून पासवान |
| 8. | सत्यनारायण साहु पिता स्व. जीतेन्द्र साहु |
| 9. | सुरंजन कुमार एवं अरवींद कुमार पिता स्व. राम नारायण साहु |
| 10. | लीला साहु पिता अजय साहु |
| 11. | बालो लोहार पिता स्व. लीटु लोहार |
| 12. | सुखेदव लोहार पिता स्व. लीटु लोहार |
| 13. | रीता राय पति अरवीन्द यादव |
| 14. | पंकज कुमार |
| 15. | बालो लोहार |
| 16. | बिरेन्द्र राय |
| 17. | श्रीमती गंगा प्रधान पति गोपाल प्रधान |
| 18. | प्रमीला देवी पति स्व. अशोक कुमार |
| 19. | बलीराम यादव |
| 20. | दीपिका झा पति संजीव कुमार चक्रवर्ती |
| 21. | बिनीता देवी पति स्व. गणेश लाल |
| 22. | वीणा देवी पति हरिशचन्द्र सिंह |
| 23. | जीतेन्द्र सिंह |
| 24. | विनय कुमार सिंह पिता स्व. परमानन्द सिंह |
| 25. | अनिल सिंह |
| 26. | श्री मनीष |
| 27. | रितेश कुमार सिंह पिता त्रिपुरारी सिंह |
| 28. | रितेश कुमार सिंह |
| 29. | कुलदीप पंडीत पिता स्व. द्वारिका नाथ पंडीत |
| 30. | कुंती देवी पति प्रदीप कुमार यादव |
| 31. | गीता देवी पति सुरेन्द्र राय |
| 32. | अरूण साहु |
| 33. | आजाद मुण्डा पिता मुकेश मुण्डा |
| 34. | खोदो लोहरा |
| 35. | धनीया लोहरा |
| 36. | पंचु लोहरा |
| 37. | संजय सिन्हा |
| 38. | अभिनय किरण पति अभिनय कुमार |
| 39. | गौरव जयसवाल |
| 40. | मनोज सिन्हा एवं सुदेश सहाय पिता ज्ञानदेव सहाय |
| 41. | दीपावली सहाय पति ज्ञानदेव सहाय |
| 42. | लच्छु उरांव पिता मरया उरांव |
| 43. | सुकरा कच्छप वगैरह पिता स्व. सोहराई कच्छप |
| 44. | मोगो मुण्डा पिता स्व. सुखराम मुण्डा |
| 45. | बिरसी कच्छप पिता वीरसा कच्छप |
| 46. | हुसनाथ मुण्डा पिता सबीरसा मुण्डा |
| 47. | रामजी लोहरा वगैरह पिता कल्हु लोहरा |
| 48. | गन्दुर मुण्डा पिता दवा मुण्डा |
| 49. | बी.जी.पी. जोन पिता पी.एस. जोन |
| 50. | सोमरा तिर्की वगैरह पिता स्व. गोनया तिर्की |
| 51. | साधो उरांव |
| 52. | रितेश सिंह |
| 53. | कोल्हा उरांव |
| 54. | सुरज साहु वगैरह पिता स्व. पीताम्बर साहु |
| 55. | महावीर कुमार साहु पिता स्व. मनुरंजन साहु |
| 56. | संजय मुण्डा पिता स्व. घसीया मुण्डा |
| 57. | सन्नी गाड़ी पिता बउला गाड़ी |
| 58. | विजय गाड़ी पिता बउला गाड़ी |
| 59. | राजेश गाड़ी पिता बउला गाड़ी |
| 60. | सोमरा खलको वगैरह पिता स्व. एतवा लिण्डा |
| 61. | मुकेश मुण्डा पिता भुकरे मुण्डा |
| 62. | मोजे मुण्डा पिता भुकरे मुण्डा |
| 63. | साधु उरांव पिता स्व. रमसा उरांव |
| 64. | बोधा तिर्की पिता स्व. रमसा उरांव |
| 65. | जितेन्द्र खलखो पिता स्व. मंगरू उरांव |
| 66. | मुन्ना खलखो पिता स्व. मंगरू उरांव |
| 67. | धरमु खलखो पिता स्व. मंगरू उरांव |
| 68. | विजय लिण्डा पिता स्व. भोला लिण्डा |
| 69. | बिरसा लिण्डा पिता स्व. भोला लिण्डा |
| 70. | पोढ़ा उरांव पिता स्व. बउला उरांव |
| 71. | जतरू मुण्डा पिता स्व. बुधुवा मुण्डा |
| 72. | गोलिया लिण्डा पिता स्व. मंगरा लिण्डा |
| 73. | फौदा लिण्डा पिता स्व. मंगरा लिण्डा |
| 74. | मुन्ना लिण्डा पिता स्व. टुटवु उरांव |
| 75. | चमरा गाड़ी पिता स्व. मंगरा गाड़ी |
| 76. | संजू गाड़ी पिता स्व. मंगरा गाड़ी |
| 77. | फौदा तिर्की पिता काली तिर्की |
| 78. | रोपना लिण्डा पिता स्व. सोमरा लिण्डा |
| 79. | जोठलो लिण्डा पिता स्व. मधेया लिण्डा |
| 80. | शंकर लिण्डा पिता स्व. मधेया लिण्डा |
| 81. | सोमरा लिण्डा पिता स्व. मधेया लिण्डा |
| 82. | राहुल लिण्डा पिता स्व. काली लिण्डा |
| 83. | बुधुवा गाड़ी पिता मंगरा गाड़ी |
| 84. | एतवा गाड़ी पिता मंगरा गाड़ी |
| 85. | सुकरा गाड़ी पिता मंगरा गाड़ी |
| 86. | लखन कच्छप पिता स्व. मधु कच्छप |
| 87. | मन्नु कच्छप पिता स्व. मधु कच्छप |
| 88. | लेखिया कच्छप पिता स्व. नरसिंग कच्छप |
| 89. | चींटु कच्छप पिता स्व. केला उरांव |
| 90. | पींटु कच्छप पिता स्व. केला उरांव |
| 91. | लालू कच्छप पिता स्व. नरसिंग कच्छप |
| 92. | अमन मुण्डा वो रेमना मुण्डा पिता स्व. जगरनाथ मुण्डा |
| 93. | आरती मुण्डा वो माधो मुण्डा पिता स्व. सिबु मुण्डा |
| 94. | विजय मुण्डा माता बिमला मुण्डा |
| 95. | जीबलाल लोहरा पिता दुर्गा लोहरा |
| 96. | मोनिका मुण्डा/अनीशा मुण्डा/अमीका मुण्डा पिता स्व. बिरसा मुण्डा |
| 97. | बुचा मुण्डा |
| 98. | राजू कच्छप पिता स्व. कारी कच्छप |
| 99. | छीबरी कच्छप पिता स्व. कारी कच्छप |
| 100. | हुस्ना कच्छप/सुकरा कच्छप पिता बउला कच्छप |
| 101. | झरी कच्छप पिता बउला कच्छप |
| 102. | सुरेश तिर्की वगैरह पिता स्व. गोलेया तिर्की |
| 103. | जतरा लिण्डा/चमपा लिण्डा/बिरसा लिण्डा वगैरह पिता स्व. भुटका लिण्डा |
| 104. | जोन लिण्डा माता सुम्मी लिण्डा |
| 105. | बासु लिण्डा पिता जतरू लिण्डा |
| 106. | रंजन खलखो वगैरह पिता स्व. बिसुवा लिण्डा |
| 107. | मुन्ना मुण्डा पिता स्व. बुधराम मुण्डा |
| 108. | टेला उरांव पिता बउला उरांव |
| 109. | विनिता गुड़िया पिता स्व. जे.डी.एच. गुड़िया |
| 110. | उदय शर्मा |
| 111. | रामप्रीत प्रसाद पिता स्व. यदु प्रसाद |
| 112. | प्रकाश मंडल पिता स्व. किशोरी मंडल |
| 113. | ज्योति, अधिवक्ता |
| 114. | कृष्णा चौधरी पिता स्व. रामचन्द्र चौधरी |
| 115. | अन्नु देवी |
| 116. | पंचु साहु |
| 117. | बीशुन लोहराईन पिता स्व. रीजवा लोहरा |
| 118. | चारो लोहरा पिता स्व. रीजवा लोहरा |
| 119. | पंचु लोहरा पिता स्व. रीजवा लोहरा |
| 120. | टीकुवा लोहरा पिता स्व. रीजवा लोहरा |
| 121. | बिनोद लोहरा पिता चारो लोहरा |
| 122. | काली लोहरा पिता स्व. टीकुवा लोहरा |
| 123. | विजय लोहरा पिता स्व. टीकुवा लोहरा |
| 124. | शंकर लोहरा पिता पंचु लोहरा |
| 125. | करमा लोहरा पिता पंचु लोहरा |
| 126. | वीरसा टोप्पो पिता स्व. गहनु टोप्पो |

PR.NO.295199 District(23-24):D

अंचल अधिकारी, नामकुम।

## बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब ठाकुर कुल्ही ने मनाया नववर्ष



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पहला वैशाख के शुभ अवसर पर ठाकुर कुल्ही स्थित नवनिर्मित स्टेडियम मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब ठाकुर कुल्ही के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सादगी से बांग्ला नववर्ष मनाया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में क्लब के पूर्व कोच स्वर्गीय अभिजीत गांगुली की फोटो पर उनकी धर्मपत्नी एवं बहन के द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए वहां उपस्थित सभी लोगों ने प्रार्थना की एवं 2 मिनट का मौन व्रत रखा।क्लब के अध्यक्ष राजेश सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि पूर्व कोच स्व.अभिजीत गांगुली एक सच्चे खेल प्रेमी थे जो निःशुल्क ग्रामीण क्षेत्र के लड़के और लड़कियों को प्रशिक्षण दिया करते थे।उनकी कमी सदा हमें महसूस होती रहेगी। इसके साथ ही खिलाड़ियों ने मैदान की पूजा कर खेल के नए सत्र की शुरुआत की। मौके पर बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राजेश सिंह, सचिव संतोष रजक, कोच रंजीत कुमार ठाकुर, मुख्य अतिथि दानियाल मरांडी, संरक्षक मनोज सिंह, पंपा, डॉल गांगुली, अभिषेक गांगुली, अनिर्बन चटर्जी, संजय हेंब्रम, रवि लाल हेंब्रम, विक्रम सिंह, रंजीत जायसवाल,ओमप्रकाश सिंह, दीपक, लाला, पूनम, उर्मिला, पूजा, लाली एवं सुमन उपस्थित थे।

## चड़क पूजा धूमधाम से संपन्न, शिव भक्तों की उमड़ी-भीड़

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चड़क पूजा आस्था के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। शनिवार को चड़क पूजा का पारण है। धनबाद के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। आस्था में बड़ी शक्ति होती है। यही आस्था और शक्ति नजर आती है चड़क पूजा में। चड़क पूजा धनबाद जिले के विभिन्न गांवों में अलग-अलग दिन पूरे बांग्ला बैसाख माह तक होगी। जहां चड़क पूजा के अवसर पर भक्ति भाव से पूजा की जाती है। इस अवसर पर मेला भी लगता है। आसपास और दूरदराज क्षेत्रों से भी चड़क पूजा देखने लोग आते हैं।



## मजदुरों से भरी टैम्पो पल्टी, पांच घायल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बलियापुर सालुकचपड़ा मे मजदुरो से भरी ऑटो पलट जाने से 5 मजदूर घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है की पंचेत से 10 दिहाड़ी मजदुरो को लेकर टैम्पो बलियापुर आ रहा था। तभी सलूकचपड़ा में अनियंत्रित होकर टैम्पो पलट गई जिससे टैम्पो में सवार मजदूर घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए धनबाद एएनएमएमसीएच लाया गया है। जहां सभी घायल मजदुरो का इलाज चल रहा है। वहीं घायल मजदूरों ने बताया की सभी दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं काम के लिए प्रतिदिन पंचेत से बलियापुर आते है। आज 10 मजदूर ऑटो से आ रहे थे तभी सलूकचपडा के समीप अनियंत्रित होकर टैम्पो पलट गई और हादसा हुआ।



## सुदूरवर्ती इलाके में लगा एटीएम ग्रामीणों ने जताई खुशी

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाके कोइरीडीह एटीएम की सुविधा की शुरुआत की गई जिसे लेकर ग्रामीणों ने खुशी जताई की अब अपने पैसों की निकासी के लिये सरिया जाना होता था लेकिन अब कोइरिडीह में एटीएम लग जाने से एक बड़ी समस्या का समाधान हो गया बताते चले की कंचनपुर निवासी भोला साव के द्वारा कोइरीडीह पंचायत सचिवालय (बाजार टांड़) के समीप एटीएम मशीन लगया गया जिसके उद्धघाटन कार्यक्रम में पूर्णिडीह पंचायत के मुखिया सुनीता कुमारी,पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार शर्मा , सांसद प्रतिनिधि बाल विकास रामदेव ठाकुर, जेएसएलपीएस के जयप्रकाश वर्मा, रीतलाल प्रसाद वर्मा, राजेश वर्मा, पेटीएम कंपनी के सुरवाईजर आनंद कुमार सिन्हा , राजेन्द्र वर्मा, घनश्याम साव, सोनू साव, बसंत वर्मा, धर्म साव ,सागर वर्मा,मयंक कुमार,नवीन सेठ,नीलकंठ साव, संजय शर्मा, देव् शर्मा,शंकर साव,आदि दर्जनों लोग के साथ शामिल हुवे।



## बेंगाबाद-चतरो सड़क दुघर्टना में पैंतीस वर्षीय शख्स घायल

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सुबह करीब साढ़े नौ बजे बेंगाबाद-चतरो मुख्य मार्ग पर सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान बेंगाबाद थाना क्षेत्र के पहाड़पुर के पैंतीस वर्षीय शख्स के रूप में हुई है। दरअसल वह अपने एक रिश्तेदार नाथराईडीह के यहां आया था वापिस लौटने के क्रम में जीनियस पब्लिक स्कूल के पास मुख्य मार्ग में बने पुलिया के दीवार से बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया।

### उपायुक्त ने विद्युतीकरण सेवा का किया उद्घाटन

# विद्युतीकरण से डीड राइटर को कार्य करने में काफी सहूलियत होगी : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा रजिस्ट्रार कार्यालय में निर्मित शेड में डीड राइटर के लिए फैन और शुद्ध जल हेतु आरओ की व्यवस्था का उद्घाटन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि विद्युतीकरण की व्यवस्था हो जाने से डीड राइटर/जो लोग इस कार्य में जुड़े हुए हैं, वैसे कर्मियों को कार्य करने में काफी सहूलियत होगी।

इसके रजिस्ट्रेशन कार्यालय परिसर में अवस्थित वेटिंग हॉल में शौचालय की व्यवस्था को सुदृढ़ और दुरुस्त किया गया है ताकि दूरदराज से आने वाले महिलाओं एवं आमजनों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो।



इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण लोगों को पेयजल संबंधी समस्याएं आ रही है जिसका संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण सुनिश्चित कराया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि खराब पड़े सभी चापाकलो की मरम्मती कराई जा रही है। ताकि आमजनों को पेयजल संबंधी समस्या न हो। उन्होंने कहा कि आम आदमी की समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और इनकी समस्याओं का निराकरण हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने मीडिया को इस संबंध में ध्यान आकृष्ट कराने हेतु धन्यवाद दिया। उक्त कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, महासचिव, निवेदक व अन्य अधिवक्ता समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## विद्यालय में एडमिट कार्ड देर से मिलने पर छात्र नाराज, चिलचिलाती धूप में रहे डटे



**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जैक के 2023 के इंटरमीडिएट की परीक्षा सोमवार 17 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। बच्चे परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए उसकी तैयारियों में लगे हुए हैं लेकिन सिस्टम के लचर व्यवस्था से कोई अंजान नही है। चिरकुंडा स्थित छ्व्यत्रक्र प्लस टू हिंदी विद्यालय में इंटर के छात्रों को आज सुबह से ही एडमिट कार्ड दिया जाना था स्कूल प्रबंधक इसके लिए बच्चों को सुबह के 9:00 बजे ही बुला लिए और एडमिट कार्ड नहीं आने के कारण सुबह से बच्चे 40 डिग्री के टेंपरेचर चिल्लाती धूप में डटे रहें। जिसके बाद दोपहर के 1 बजे से एडमिट कार्ड वितरण किया गया। दुर्भाग्य कि एडमिट कार्ड भी बच्चों को कड़ी धूप में खड़े कर बांटा जा रहा है। वही कुछ छात्रों का कहना है कि एडमिट कार्ड कुछ छात्र को दिया जा रहा है कुछ को कल रविवार को देने के लिए बुलाया जा रहा है और सोमवार से परीक्षा है। परीक्षा की तैयारी करे या यहां पूरे दिन एडमिट लेने में बिता दे। इस संबंध में हमने स्कूल के प्राचार्य से पूछा तो उन्होंने कहा कि एडमिट कार्ड आज सुबह देर आने के कारण बच्चों के बीच वितरण करने में देरी हो गई। कुछ बच्चे को आज दिया जाएगा।

## टेंट हाउस के मालिक के साथ मारपीट, छीने 30 हजार रुपए, मामला पहुंचा थाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पुजा टाकिज चौक के समीप स्कुटी सवार टेंट हाउस के मालिक वासेपुर निवासी मोहम्मद नौसाद के साथ रांगाटांड के कुछ युवकों द्वारा मारपीट की गई। मारपीट में नौसाद लहुलुहान हो गए जिसके सर में चोटे आई है। पीड़ित नौसाद ने धनबाद सदर थाने में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पीड़ीत ने मिडिया को जानकारी देते हुए बताया की दोपहर तीन बजे काम का तगादा कर घर जा रहे थे। तभी रांगाटांड के एक युवक और उनके दस बारह सहयोगी द्वारा स्कुटी रोकवा कर पहले गाली गलौज किया फिर जिसको जो मिला उसी से दौड़ा दौड़ा कर मारपीट की और पॉकेट में रखे तीस हजार नगद के साथ गले में पहनी सोने की चैन भी छीन ली। मारपीट में सर पर गहरा चोट लगा है। पीड़ीत के द्वारा धनबाद थाना में लिखित सिकायत दे कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाई की मांग की है।

## खुलासा : अवैध उत्खनन, कोयला चोरी ही नहीं बल्कि कागजी कंपनियों पर भी धनबाद में उठ रहा लिंकेज का कोयला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** प्रवर्तन निदेशालय का डर कहे या और कोई बात, लेकिन झारखंड राज्य खनिज विकास निगम भी रेस हो गया है। कागजी यानी शेल कंपनियों की पहचान कर कोयला लिंकेज रद्द कर दिया है। एक दो कंपनियों का लिंकेज रद्द नहीं हुआ है बल्कि 140 से अधिक कंपनियों का कोयला लिंकेज रद्द किया गया है। आश्चर्य की बात है कि रद्द की गई लिंकेज में धनबाद की 37 कंपनियां भी शामिल है। मतलब इतनी कंपनियां अभी तक कागज पर कोयला उठा रही थी और खुले बाजार में बेच रही थी। अब तक कितने का मुनाफा इन कंपनियों ने कमाया है और सरकारों को कितना नुकसान हुआ है, इसका तो आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, लेकिन निगम के इस फैसले से बड़ी गड़बड़ी का खुलासा जरूर हुआ है



**बड़ी गड़बड़ी का खुलासा :-** झारखंड राज्य खनिज विकास निगम ने इन कंपनियों को कोयला लेने के लिए दी गई अग्रिम राशि को वापस लेने का निर्देश दिया है। निगम को आशंका है कि जिनकी लिंकेज रद्द की गई है, उनमें से अधिकांश कंपनियां कागजी हैं। उनके पास कोई उद्योग अथवा फैक्ट्री नहीं है लेकिन कोयला उठा रहे हैं और खुले बाजार में बेच रहे हैं। इस मामले का खुलासा ईडी की जांच से हुआ भी था। हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी द्वारा लघु व मध्यम उद्योगों के नाम पर मिले सस्ते कोयले को बनारस की मंडी में बेचने का खुलासा हुआ था। राज्य सरकार की अनुशंसा पर कोल इंडिया ने उनकी 13 कागजी कंपनियों को कोयला आवंटित किया था। 3 मार्च को ईडी ने हजारीबाग के व्यापारी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। जांच के दौरान जिन कंपनियों के नाम पर कोयला उठाया जा रहा था, वह बंद पाई गई थी। ईडी को जांच में यह पता चला कि राज्य सरकार की अनुशंसा पर कोल इंडिया ने उनकी कंपनियों को कोयला आवंटित किया था।

**लिंकेज के खेल में धनबाद की 37 कंपनियों का नाम :-** इधर धनबाद की जिन 37 कंपनियों का नाम सामने आया है, उनमें अधिकांश निरसा ,गोविंदपुर और झरिया क्षेत्र की हैं। मतलब अवैध उत्खनन, आउटसोर्सिंग कंपनियों से कोयला चोरी के अलावे भी एक और खेल हो रहा है और यह खेल है लिंकेज के कोयले का। कोयला नीति 2007 के तहत वैसे एमएसएमई उद्योग, जो अपना कारखाना चलाते हैं, उनको कोयला उपलब्ध कराने के लिए कोल लिंकेज का प्रावधान किया गया है। खपत के मुताबिक कोयला बाजार दर से कम रेट पर उपलब्ध कराने की सरकारी व्यवस्था बनी है। इसके लिए जिला प्रशासन से लेकर खनन विभाग तक की अनुमति लेनी पड़ती है। इन कंपनियों को राज्य में संचालित कुल कंपनियों से कोयला दिया जाता है। देखना है की कंपनी बनाकर कोयला उठाने वालों के धनबाद के कारोबारियों के गिरेबान पर कब ईडी का शिकंजा कसता है।

## 6:30 से 11:30 तक विद्यालय संचालन करने के लिए उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को शिक्षक समन्वय समिति गिरिडीह विधायक प्रतिनिधि मंडल जिले में सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों में भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय संचालन अवधि 6~30 से 11~30 तक करने के लिए उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि जिले में तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है ।इस कारण कई विद्यालयों से छात्र छात्राओं के बीमार होने, नाक से खून बहने एवं बेहोश होने जैसी घटनाओं की सूचना संगठन को लगातार मिल रही है। इसका प्रतिकूल प्रभाव विद्यार्थियों के अध्ययन एवं स्वास्थ्य पर पड़ रहा है जिससे विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम हो रही है। उल्लेखनीय है कि सरकारी विद्यालयों के लगभग 90त्न विद्यार्थी 2 से 10 किलोमीटर की दूरी इस भीषण गर्मी में पैदल ही तय करते हैं ।एमडीएम की व्यवस्था केवल वर्ग 1 से 8 तक के बच्चों के लिए होती है जबकि उच्च विद्यालय प्लस टू उच्च विद्यालयों के बच्चों के लिए यह व्यवस्था नहीं है। खाली पेट रहने के कारण भी बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ।महोदय से आग्रह किया गया की ग्रीष्म काल में विद्यालय संचालन की अवधि पूर्व में भी 5 घंटे की ही हुआ करती थी इस संबंध में श्रीमान से प्रार्थना है कि छात्रों और छात्राओं के अध्ययन एवं स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए भवदीय स्तर से विद्यालय संचालन की अवधि 6:30 से 11:30 तक या 7:00 से 12:00 तक करने हेतु उचित कार्रवाई करने की कृपा की जाए ।




आज इस प्रतिनिधिमंडल में झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ सचिव राजेंद्र प्रसाद झारखंड प्लस टू के ऋषिकेश सिन्हा झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के संयोजक मुन्ना कुशवाहा कर्मचारी संगठन संयोजक विकास कुमार सिन्हा जिला पदाधिकारी अवधेश कुमार संघ के सुरेंद्र पांडे जी प्राथमिक शिक्षक संघ से तेज नारायण महथा राजेश कुमार सिंह सहित कई साथी मौजूद थे।

## टुंडी के युवक की पेड़ के गिरने से हुई मौत घर में मातम पसरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी के कोल्हर पंचायत अंतर्गत कोलडीह गांव में अचानक पेड़ के गिरने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई युवक पेड़ के पास बैठकर मोबाइल चला रहा था तभी घटना घटी और असमय मौत का शिकार हो गया।

विदित हो कि टुंडी के कोलडीह निवासी अजीत मुर्मू उम्र 30 बर्ष पश्चिम बंगाल में किसी फैक्ट्री में काम कर रहा था और अपने भाई के तिलकोत्सव में भाग लेने कल ही घर आया था इसी बीच वह पेड़ के नीचे बैठकर मोबाइल चलाने लगा तभी गोलमोहर का पेड़ अचानक गिर गया वह जब तक संभलता तभी उसके शरीर में पेड़ गिर गया और वह पेड़ में दब गया परिजनों द्वारा आनन भानन में जालान अस्पताल धनबाद लेकर गया जहां उसका इलाज के क्रम में मौत हो गया। मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फ़ैल गई और कोहराम मच गया। तत्काल पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है जहां परिवारों का रो रोकर बुरा हाल सा हो गया है।

## अशर्फी अस्पताल में नर्सिंग छात्रों का हंगामा मान्यता नहीं होने का लगाया आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित अशर्फी हॉस्पिटल में नर्सिंग और पारा मेडिकल के छात्र-छात्राओं ने शनिवार की दोपहर जमकर हंगामा किया। छात्रों ने बताया कि उनके हक की आवाज उठाने वाले प्रणव कुमार नामक सीनियर को पुलिस ने गैर कानूनी तरीके से अस्पताल परिसर में घुसकर पकड़ कर ले गई, जो पूरी तरह निंदनीय है। पुलिस को ऐसा करने का अधिकार नहीं है, जबकि अस्पताल परिसर में किसी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई थी। अपनें मांगों के लिए आवाज उठाने वाले छात्र-छात्राओं ने बताया कि वह लोग देश के विभिन्न कोनों से आकर नर्सिंग तथा पारा मेडिकल का कोर्स कर रहे हैं। इसके संबंध में अस्पताल प्रबंधन सर्टिफिकेट की मान्यता को लेकर छात्रों को गुमराह कर रखा है। इसी मुद्दे को लेकर वह लोग अपने सारे डाक्यूमेंट्स तथा एडमिशन में लिए गए पैसे वापस करने की मांग कर रहे हैं। इन मांगों को अविलंब पूरा किया जाना चाहिए। उनके सीनियर प्रणव कुमार को पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन के इशारे पर हिरासत में ले रखा है। उन्हें जल्द से जल्द हॉस्टल वापस पहुंचाएं। अगर उनकी मांगों को नहीं सुना जाता है तो फिर किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेवारी अस्पताल प्रबंधन की होगी।

## सांसद ने बापूधाम मोतिहारी और पाटलिपुत्र के बीच एक नई मेमू इंटरसिटी एक्सप्रेस का किया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** माननीय सांसद श्री राधा मोहन सिंह ने बापूधाम मोतिहारी स्टेशन से बापूधाम मोतिहारी और पाटलिपुत्र के बीच एक नई मेमू इंटरसिटी एक्सप्रेस के परिचालन का Inaugural Special के रूप में हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर माननीय विधायकगण श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव एवं श्री सुनील मणि तिवारी उपस्थित थे। इसके साथ ही समस्तीपुर के मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण भी इस समारोह में उपस्थित थे। दिनांक 16.04.2023 से गाड़ी सं. 15556/15555 बापूधाम मोतिहारी-पाटलिपुत्र-बापूधाम मोतिहारी मेमू इंटरसिटी एक्सप्रेस का नियमित परिचालन किया जायेगा ।

गाड़ी सं. 15556 बापूधाम मोतिहारी-पाटलिपुत्र मेमू इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 16.04.2023 से प्रतिदिन बापूधाम मोतिहारी से 06.00 बजे खुलकर 06.08 बजे जीवधारा, 06.20 बजे पिपरा, 06.33 बजे चकिया, 06.45 बजे मेहसी, 07.30 बजे मुजफ्फरपुर, 07.48 बजे रामदयालू नगर, 08.45 बजे हाजीपुर, 09.00 बजे सोनपुर रूकते हुए 09.30 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 15555 पाटलिपुत्र-बापूधाम मोतिहारी मेमू इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 16.04.2023 से प्रतिदिन पाटलिपुत्र से 19.00 बजे खुलकर 19.33 बजे सोनपुर, 19.50 बजे हाजीपुर, 20.40 बजे रामदयालू नगर, 20.50 बजे मुजफ्फरपुर, 21.44 बजे मेहसी, 21.57 बजे चकिया, 22.07 बजे पिपरा, 22.17 बजे जीवधारा रूकते हुए 22.30 बजे बापूधाम मोतिहारी पहुंचेगी ।



## पूर्व विधायक संजीव सिंह को एसएनएमएमसीएच से भेजा जाएगा जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को शनिवार की दोपहर एसएनएमएमसीएच प्रबंधन ने धनबाद मंडल कारा वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड के आरोपी पूर्व विधायक संजीव सिंह को सीने में दर्द होने की शिकायत पर कुछ दिन पूर्व धनबाद मंडल कारा से एसएलएनएमसीएच में भर्ती कराया गया था। वहीं पूर्व विधायक संजीव सिंह का कोविड-19 जांच कराया जा रहा है। जिससे कि उन्हें धनबाद मंडल कारा वापस भेजा जा सके। मालूम हो कि पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह तथा तीन अन्य की हत्या के आरोप में संजीव सिंह धनबाद मंडल कारा में बंद है। पिछले दिनों सीने में अचानक दर्द उठने पर उन्हें इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां से उन्हें पुनः वापस धनबाद मंडल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। इस बात को लेकर पूर्व विधायक के समर्थकों में काफी रोष है। वही संजीव सिंह की पत्नी तथा भाजपा नेत्री रागिनी सिंह का आरोप है कि जेल प्रबंधन राज्य सरकार के इशारे पर उनके पति संजीव सिंह का बेहतर इलाज कराने की बजाय इलाज में लापरवाही बरत रही है। जबकि उनके पति ने बेहतर इलाज के लिए अदालत में अपील कर रखा है। लेकिन सरकार के इशारे पर गंदा खेल खेला जा रहा है, जो कि निंदनीय है।

## पीएचईडी एसडीओ के निर्देश पर राइजिंग पाइप से अवैध कनेक्शन हटाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** देबियाना गेट के समीप मैथन से धनबाद जाने वाले राइजिंग पाइप से अवैध कनेक्शन लिये जाने की सूचना पर पीएचईडी विभाग के एसडीओ मोहन मंडल ने त्वरित करवाई करते हुए अवैध कनेक्शन को हटाया और राइजिंग पाइप में लगे पाइप को जप्त किया तथा आगे की कार्यवाही के लिये आस्वाशन दिया।

सूत्र के अनुसार स्थानीय कुछ दबंग लोग राइजिंग पाइप से अवैध कनेक्शन हेतु शुक्रवार की रात के अंधेरे में दो इंच का दो दो पाइप का कानेक्शन ले रहे थे, पाइप फिट भी कर लिया गया। काम ऐसा हो रहा था कि देखने वाले समझ रहे थे कि विभाग ही काम करवा रहा है। वहीं शनिवार की सुबह पीएचईडी के एसडीओ मोहन मंडल को जानकारी मिलते ही तत्काल प्रभाव से अभियंता भेज कर काम रोकवा दिया है। पीएचईडी विभाग की ओर से आये मेंटेनेंस कर्मी अरविंद व मनोज कुमार ने स्पॉट पर पुहंच कर अवैध कनेक्शन को हटाया। बह रहे पानी को रोका और पाइप को जप्त कर लिया। बताया गया की अवैध कनेक्शन ले रहे लोगों पर कानूनी करवाई होगी।

## जिप सदस्य दुर्गेश कुमार ने बढ़ते गर्मी को देखते हुए पेयजल विभाग व अन्य अधिकारियों को पत्र लिखा

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिप सदस्य दुर्गेश कुमार ने पेयजल व स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता को पत्र लिख कर अपने क्षेत्र के खराब पड़े चापाकलों की अतिशीघ्र मरम्मती कर पेयजल सुविधा बहाल करने का मांग किया है,साथ ही बगोदर क्षेत्र में चल रहे हर घर जल नल योजना के तहत चल रहे कार्य मे भी तेजी लाने व गुणवत्ता पूर्ण कार्य करवाने को लेकर पत्र लिखा है,जिप सदस्य दुर्गेश कुमार ने कहा है कि गर्मी की वजह से क्षेत्र में पेयजल की समस्या उत्पन्न होने लगी है, क्षेत्र की जनता द्वारा बार बार शिकायत कर रहे हैं इसलिए गर्मी को देखते हुए पेयजल विभाग पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ सभी खराब पड़े चापाकलों की मरम्मती कराया जाए व विभिन्न पंचायतो में चल रहे हर घर जल नल योजना के चल रहे कार्य मे भी लगातार ग्रामीणों द्वारा गुणवत्ता को लेकर शिकायते मिल रही है,इसलिए जिप सदस्य ने हर घर जल नल योजना में गुणवत्ता के साथ कार्य व कार्य मे तेजी लाने को कहा है, ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके और पेयजल के लिए संकट उत्पन्न नही हो और पानी के लिए हाहाकार नही मचे।

## चलते चलते एक नजर

## हिमांशु मिश्रा पर्दे पर चाँद सितारों की महफिल सजानेवाले हैं कास्टिंग डायरेक्टर



**रांची :** खाने में अगर कोई भी चीज की कमी हो तो खाने का स्वाद बदल जाता है। उसी तरह फिल्मों में अगर सही अभिनेता व अभिनेत्री को कास्ट न किया हो, तो फिल्म का मजा भी चला जाता है। फिल्मों में स्वाद लेन का काम करते है कास्टिंग डायरेक्टर्स। फिल्मों में भूमिकाओं के लिए अभिनेताओं के ढूंढने की प्रक्रिया में आमतौर पर विशेषज्ञ की आवश्यकता होती है। एक कास्टिंग डायरेक्टर या सीडी प्री-प्रोडक्शन के दौरान इस प्रक्रिया में शामिल अधिकांश दैनिक कार्यों का प्रभारी होता है। हिमांशु मिश्रा फिल्मों में स्वाद लेन वाले कास्टिंग डायरेक्टर्स में से एक हैं। हिमांशु मिश्रा बॉलीवुड फिल्म उद्योग में एक प्रसिद्ध कास्टिंग डायरेक्टर और सेलिब्रिटी मैनेजर हैं, जिनका जन्म उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर जिले में सुनीता और भुवनेश्वर मिश्रा के यहाँ हुआ है। उन्होंने म्यूजिक वीडियो, फीचर फिल्म, वेब सीरीज, सीरियल और लाइव इवेंट ब्रांड प्रमोशन सहित कई प्रोजेक्ट पर काम किया है। हिमांशु मिश्रा एक अत्यधिक सक्षम, मेहनती और भरोसेमंद व्यक्ति हैं, जो समझते हैं कि उत्कृष्ट पात्रों को कैसे कास्ट किया जाए। साथ ही लेखकों और निर्देशकों के विचारों से सही भूमिका के लिए उचित चरित्र को कैसे तैयार किया जाए या कैसे खोजा जाए। हिमांशु ने संगीत एल्बम तुम बेवफा हो, एक उदास प्रेम गाथा और वो कशिश संगीत वीडियो के लिए एक कास्टिंग निर्देशक के रूप में काम किया। हिमांशु ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया को तेरे जाने के बाद नामक एक ट्रेंडिंग म्यूजिक वीडियो की खबर के साथ अपडेट किया। जिसमें उन्होंने हैंडसम पारस अरोड़ा और बेहद खूबसूरत अलीशा परमार को कास्ट किया है। अभिषेक ठाकुर ने गीत का निर्मित किया, जिसे साज भट्ट ने गाया था और अक्षय अग्रवाल द्वारा निर्देशित किया गया था। साज भट्ट गाना बोहत ही सुंदर गया है और उसे चार चाँद लगाए है अलीशा और पारस की केमिस्ट्री ने और इसकी वजह है हिमांशु मिश्रा जिन्होंने ने उन्हें कास्ट किया , सितारों की बस्ती में से असली हिरा धुंध निकलना कोई हिमांशु से सीखे।

## कर्नाटक विधानसभा चुनावः कांग्रेस ने जारी की तीसरी सूची

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 43 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की है। कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने यह जानकारी दी। कांग्रेस ने अठानी विधानसभा सीट से पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं कोथूर जी. मंजूनाथ को कोलार विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी एक दिन पहले ही भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस में शामिल हुए थे। कर्नाटक की 224 विधानसभा सीटों पर एक चरण में 10 मई को वोटिंग होगी और 13 मई को वोटों की गिनती होगी।

# पलामू में मंत्री चंपई सोरेन का झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

### जेएमएम के युवा नेता दीपक तिवारी ने मंत्री को किया गुलदस्ता भेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आदिवासी कल्याण एवं परिवहन मंत्री चंपई सोरेन शनिवार को पलामू पहुंचे। इसके पूर्व झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ मंत्री श्री सोरेन का भव्य स्वागत किया।

झामुमो युवा नेता व निगम के विपक्ष कहे जाने वाले दीपक तिवारी ने गुलदस्ता भेंट किया। झामुमो कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद मंत्री चंपई सोरेन जिंदाबाद सरीखे नारे लगाए तत्पश्चात मंत्री ने



दुबियाखड़ मोड़ पर स्थित राजा मेदनी राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

मंत्री ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पलामू के कार्यकर्ता काफी ऊर्जावान एवं संघर्षशील हैं। इसके बाद मंत्री मेदनीनगर के ऐतिहासिक शिवाजी मैदान में आयोजित अखिल भारतीय आदिवासी महासभा सम्मेलन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए रवाना हो गए।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा,पार्टी के युवा नेता दीपक तिवारी, सन्नू सिद्धकी, दीपू चौरसिया, परवेज अख्तर, अविनाश देव,सुनिल तिवारी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सम्राट गिरोह का सरगना जयनाथ साहू हत्या के दो मामलों में बरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सम्राट गिरोह का सरगना जयनाथ साहू को हत्या के दो अलग-अलग मामले में अदालत ने शनिवार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त एमसी वर्मा की कोर्ट ने जयनाथ साहू को बरी किया है। जयनाथ साहू की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने कोर्ट में पक्ष रखा। प्रीतांशु सिंह ने बताया कि जयनाथ साहू पर धूपेश्वर सिंह की हत्या और फरीद मलिक की हत्या का आरोप था। दोनों मामले रांची के लापुंग थाना से जुड़े हुए हैं, जिसमें वर्ष 2000 और 2004 में जयनाथ साहू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में पांच गवाह पेश किये गये, लेकिन गवाह यह साबित नहीं कर पाये कि जयनाथ साहू ने धूपेश्वर सिंह की हत्या करवायी थी।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित संजय तिवारी ने दाखिल की डिस्चार्ज पिटीशन

**उल्लेखनीय है कि संजय तिवारी के आरोप गठन पर सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तिथि निर्धारित है। संजय ने ईडी की विशेष अदालत में तीन अप्रैल को सरेंडर किया था।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मिड डे मील के खाते से 100 करोड़ रुपये की फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित संजय कुमार तिवारी की ओर से ईडी कोर्ट में शनिवार को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गई है। मामले की सुनवाई सोमवार को होगी। संजय तिवारी भानु कंस्ट्रक्शन का संचालक भी है। उल्लेखनीय है कि संजय तिवारी के आरोप गठन पर सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तिथि निर्धारित है। संजय ने ईडी की विशेष अदालत में तीन अप्रैल को सरेंडर किया था। संजय कुमार तिवारी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कोर्ट में 25 मार्च को सरेंडर करना था, लेकिन उसने आत्मसमर्पण से बचने के लिए कोविड-19 की गलत जानकारी ईडी कोर्ट को दी। इसके बाद से वह फरार हो गया था। उसकी फरारी के बाद ईडी ने संजय की गिरफ्तारी के लिए ईडी कोर्ट से वारंट हासिल किया था। ईडी की टीम ने संजय की गिरफ्तारी के लिए उसके रांची के अरगोड़ा स्थित आवास पर छापेमारी भी की थी।

### दिशा की बैठक में आवाज बुलंद करेगी महापौर

## मिनी बांध व फ्लाईओवर प्राथमिकता : अरुणा शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगरः** अरुणा शंकर ने कहा कि 20 तारीख को होने वाली जिला स्तरीय दिशा की बैठक में शहर के गिरते जलस्तर बनाए रखने के लिए कोयल नदी मैं शहर के बाहर मिनी बांध 5 फीट नीचे से 5 फीट ऊपर तक बांधने की योजना जिसे मैंने निगम बोर्ड द्वारा पारित कराया है। योजना रखूंगी ताकि शहर का जल स्तर में सुधार हो सके और नित्य बंद हो रहे चांपा नल में पानी आ सके। क्योंकि यही एकमात्र विकल्प जनजीवन को जल देने का है। साथ में कोयल में 5 फीट पानी बने रहने से जानवरों को भी सुलभ हो पाएगा तथा सिंचाई भी यथासंभव होगी। महापौर ने कहा कम लागत में मिनी



फ्लाईओवर विमेंस कॉलेज मार्ग में बनाकर मुख्य फ्लाईओवर मैं जोड़ देने से शहर के अंदर गढ़वा जाने वाली गाड़ियों से हो रहे जाम से निजात मिल सकता है। यह दोनों योजना निगम बोर्ड द्वारा पारित है और शहर के लिए अति महत्वपूर्ण भी है।

### ड्राई जोन में पानी के टैंकर बढ़ेंगे : महापौर

मेदिनीनगर : महापौर अरुणा शंकर ने ड्राई जोन वार्ड नंबर2,8,9 का दौरा कर देखा। स्थिति बहुत ही भयावह है। ड्राई जोन में और भी पानी की आवश्यकता पड़ेगी। महापौर ने मोहल्ले वालों से मिलकर समीक्षा की और कहा चिंता ना करें। एक 2 दिनों के अंदर मैं लिस्ट बनवा रही हूं। जहां-जहां आवश्यकता होगी पानी दिया जाएगा। महापौर ने बताया कि हमारा निगम क्षेत्र के लोगों को इस बार पानी के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा जिसे दूर करना मेरी जवाबदेही है। महापौर ने यह भी कहा मुझे महसूस हो रहा है कि लगभग सभी वार्ड में ऐसे ही स्थिति बनी हुई है मैं जल्द पार्षदों के साथ समीक्षा करूंगी और जहां जहां पानी की कमी होगी उन्हें पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :

- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्कघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग

- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें



इनका नियमित सेवन करें :-

नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है

- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव।

हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
जूते/चप्पल पहनें

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

झारखण्ड सरकार 104 चिकित्सा सलाह 24x7 Health Information Helpline

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

PR NO-295189 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24